# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, मंगलवार 13 अगस्त 2024





# छह नए जिलों में नई जिला पंचायत, सीमाएं तय, यहां भी होंगे चुनाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में नवगठित छह जिलों में जिला पंचायत स्थापना की तैयारी है। इन नए जिलों में गौरेला-पेंड्रा-मरवाही, सारंगढ़-बिलाईगढ़, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, मोहला-मानपुर- अंबागढ़ चौकी, सक्ती और मनेंद्रगढ़- चिरमिरी-भरतपुर शामिल हैं। सरकार ने इन जिलों की जिला पंचायतों के लिए सीमा का निर्धारण किया है। इस संबंध में दावा आपत्ति 10 दिनों के भीतर मंगाई है। दावा आपत्तियों एवं सुझावों पर सुनवाई के लिए बाद में तारीख तय की जाएगी। इसी बीच यह संभावना भी दिख रही है कि इस साल के अंत में होने वाले त्रिस्तरीय जिला पंचायतों के चुनाव इन नव गठित जिला पंचायतों में भी होंगे।

## 10 दिनों में लिए जाएंगे सुझाव, दावा आपत्ति, सरकार ने जारी की सीमाएं, अधिसूचना जारी

**नए जिला पंचायतों में शामिल होंगे ये क्षेत्र**

खास खबर

गौरेला-पेंड्रा-मरवाही में पेंड्रारोड, मरवाही, पेंड्रा तहसील, सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले में सारंगढ़, बरमकेला, सरिया, बिलाईगढ़ और भटगांव, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले में खैरागढ़- गंडई, छुईखदान, और साल्हेवारा तहसील, मोहला-मानपुर- अंबागढ़ चौकी जिले में मोहला, मानपुर, औंधी, खडगांव, अंबागढ़ चौकी तहसील, सक्ती जिले में सक्ती, मालखरौदा,जैजेपुर, बाराद्वार, डभरा, अडभार तहसील, मनेंद्रगढ़- चिरमिरी- भरतपुर जिले में मनेंद्रगढ़, चिरमिरी केल्हारी, भरतपुर, कोटाडोल, खड़गवां तहसील शामिल है।




## क्या इन जिलों में होंगे जिला पंचायत चुनाव

*राज्य सरकार द्वारा नए जिलों में जिला पंचायतों के गठन की प्रक्रिया को लेकर ये संभावना बनती दिख रही है कि इस साल के अंत में होने वाले राज्य में त्रिस्तरीय जिला पंचायतों के चुनाव में इन नवगठित जिला पंचायतों को भी शामिल किया जा सकता है। हालांकि सरकार की ओर से इस संबंध में फिलहाल कोई जानकारी नहीं दी गई है। दूसरी ओर इस बात की संभावना भी है कि राज्य में नगरीय निकायों और और पंचायतों के चुनाव भी एक साथ हो सकते हैं। इसे एक प्रदेश एक चुनाव के अभियान के रूप में देखा जा रहा है। सरकार ने एक साथ निकाय और पंचायतों के चुनाव करवाने के लिए सुझाव भी आमंत्रित किए हैं। लिहाजा ये संभावना भी बनी है कि ये दोनों चुनाव एक साथ हो सकते हैं।*

ईरान-इजराइल तनाव

# अमेरिका ने मिडिल ईस्ट भेजी परमाणु पनडुब्बी

एजेंसी ▶▶| तेल अवीव



हमास के पालिटिकल चीफ की हत्या के बाद मिडिल ईस्ट में तनाव के हालात हैं। कहा जा रहा है जल्द ही ईरान इजराइल पर हमला करने वाला है। इसी आशंका के मद्देनजर अमेरिका ने अपने दोस्त इजराइल की मदद के लिए यूएसएस अब्राहम लिंकन कैरियर स्ट्राइक ग्रुप और गाइडेड मिसाइल न्यूक्लियर सबमरीन यूएसएस जार्जिया को भूमध्यसागर की ओर रवाना कर दिया है। अमेरिकी डिफेंस सेक्रेटरी जनरल लॉयड ऑस्टिन ने एयरक्राफ्ट कैरियर अब्राहम लिंकन, तीसरे कैरियर स्ट्राइक ग्रुप गुआम से भूमध्यसागर की ओर तेजी से रवान होने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा उन्होंने ओहायो क्लास गाइडेड मिसाइल सबमरीन यूएसएस जॉर्जिया को भूमध्यसागर की ओर भेजा है। इस सबमरीन में 150 से ज्यादा टोमाहॉक लैंड अटैक क्रूज मिसाइल लगी हुई है। अब ये सब अमेरिकी सेंट्रल कमांड के अंदर काम करेंगी।

इस पूरे तामझाम का मकसद सिर्फ इतना है कि अमेरिका किसी भी तरह से ईरान, इराक, जॉर्डन, सऊदी अरब, लेबनान, यमन और ईरान के अन्य समर्थक देशों की तरफ से दागी गई मिसाइलों को इंटरसेप्ट कर सकें।

### एक साथ हमला करने की तैयारी में ईरान और हमास

इजराइल पर हमला केवल ईरान ही नहीं करने वाला है। उसे बाकी अन्य का भी साथ मिलने वाला है। इसमें हिजबुल्लाह, हमास और यमन के हूती विद्रोही शामिल हैं। यही वजह है कि अमेरिका उस इलाके में अपनी ताकत का तेजी के साथ में विस्तार कर रहा है। ऑस्टिन ने इजराइल के रक्षा मंत्री से बात भी की है। अमेरिका की तरफ से कहा गया कि वह इजराइल को बचाने के लिए काफी अहम कदम उठाने से भी परहेज नहीं करेगा। इतना ही नहीं वह अशांति भी नहीं फैलने देगा। पेंटागन के एक अधिकारी ने बताया कि यूएसएस अब्राहम लिंकन पहले एशिया पैसिफिक में तैनात था।

भारत में दहशतगर्दी फैलाने नई साजिश

# 'लश्कर' ने बांग्ला आतंकी संगठन से मिलाया हाथ

*बांग्लादेश में तख्तापलट के बाद अब भारत पर आतंकी संगठनों की निगाहें*

*बाज नहीं आ रहा पाकिस्तान, रच रहा षड्यंत्र*

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बांग्लादेश में हुई सियासी उथल-पुथल का असर भारत पर भी देखने को मिल रहा है। एक ओर जहां सीमाओं पर चुनौतियां बढ़ गई हैं तो वहीं इस घटनाक्रम के बाद आतंकवादी संगठनों की सक्रियता का खतरा भी बढ़ गया है। ऐसा इसलिए है क्योंकि भले ही कहा जा रहा हो कि बांग्लादेश में शेख हसीना सरकार के खिलाफ छात्रों ने माहौल बनाया हो। लेकिन तमाम खुफिया रिपोर्टों से पता चलता है कि इस हिंसा के पीछे सक्रिय आतंकवादी संगठनों का हाथ था, जिनकी साजिश बांग्लादेशी हिंदुओं के खिलाफ भी थी। रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान स्थित लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) ने कथित तौर पर भारत के पूर्वोत्तर राज्यों में आतंकवादी हमलों को अंजाम देने के लिए बांग्लादेश की अंसारुल्लाह बांग्ला टीम (एबीटी) के साथ साझेदारी की है। खुफिया जानकारी से पता चलता है कि पाकिस्तान की इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस ने बांग्लादेश में हुए इस बदलाव में बड़ी भूमिका निभाई।




### त्रिपुरा की घटना ने बनाया ये गठजोड़

रिपोर्ट से पता चलता है कि त्रिपुरा में मस्जिदों को नुकसान पहुंचाने की खबरों के बाद लश्कर और एबीटी ने ये गठबंधन किया। 2022 के खुफिया इनपुट से संकेत मिलता है कि लगभग 50 से 100 एबीटी कैडर त्रिपुरा में घुसपैठ करने की योजना बना रहे थे। लेकिन इनमें से कई लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया था।

### क्या है अंसारुल्लाह बांग्ला टीम

एबीटी की शुरुआत 2007 में होती है जब जमात उल-मुस्लिमीन नामक एक संगठन चर्चा में आता है। लेकिन फंडिंग की कमी के चलते थोड़े ही समय में इसका प्रभाव फीका पड़ गया। फिर 2013 में यह अंसारुल्लाह बांग्ला टीम (एबीटी) के रूप में फिर से सामने आया। 2015 में इस ग्रुप पर बैन लगा। फिर इसने अंसार अल-इस्लाम के रूप में अपनी ब्रांडिंग की. 2017 में फिर से इसे बैन कर दिया गया। तब से अंसार अल-इस्लाम ने खुद को भारतीय उपमहाद्वीप (एक्यूआईएस) में अलकायदा की बांग्लादेशी शाखा के रूप में स्थापित किया है। इस संगठन पर बांग्लादेश में कई धर्मनिरपेक्ष लोगों की हत्या का आरोप है।

### बांग्लादेश में 9 प्रमुख इस्लामी आतंकवादी संगठन सक्रिय हैं

- अंसारुल्लाह बांग्ला टीम (एबीटी)
- अंसार अल-इस्लाम
- लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी)
- हरकत-उल-जिहाद अल-इस्लामी बांग्लादेश (हूजी-बी)
- जगराता मुस्लिम जनता बांग्लादेश (जेएमजेबी)
- जमात-उल-मुजाहिदीन बांग्लादेश (जेएमबी)
- पुरबा बांग्लार कम्युनिस्ट पार्टी (पीबीसीपी)
- इस्लामी छात्र शिबिर (आईसीएस)
- इस्लामिक स्टेट (आईएसआईएस)

# सबूतों के अभाव में एंकर सलमा हत्याकांड के आरोपी जिम संचालक को मिली जमानत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर



चर्चित न्यूज एंकर सलमा सुल्ताना हत्याकांड के आरोपी को हाईकोर्ट ने सबूतों के अभाव में जमानत दे दी है। पांच साल से लापता सलमा की हत्या के आरोप में पुलिस ने उसके ब्वॉयफ्रेंड जिम संचालक को करीब साल भर पहले गिरफ्तार किया था। आरोपी ने डीएनए जांच पर सवाल उठाए थे। मुख्य आरोपी मधुर साहू ने पहले कोरबा के सेशन कोर्ट में जमानत अर्जी लगाई थी, जिसे खारिज कर दिया गया था। इसके बाद उसने अपने वकील के माध्यम से हाईकोर्ट में जमानत याचिका लगाई। इसमें बताया कि पुलिस के पास पर्याप्त साक्ष्य नहीं है। ध्यान रहे कि सलमा के शव की पहचान के लिए पुलिस ने डीएनए टेस्ट कराया है। जिसमें 13 में से केवल एक एसटीआर (शॉर्ट टेंडम रिपीट) ही मिलान हुआ है। याचिका में कहा गया कि ऐसे में यह नहीं कहा जा सकता है कि कंकाल सलमा का ही है। आरोपी के बचाव में कई तथ्य पेश किए गए। वहीं, पुलिस यह बताने में असफल रही है कि आरोपी के खिलाफ पर्याप्त साक्ष्य है। दोनों पक्षों को सुनने के बाद कोर्ट ने जमानत याचिका स्वीकार कर लिया है।

- 13 में से 1 एसटीआर डीएनए ही हो सका मैच

दरअसल, सलमा सुल्ताना (25) कोरबा जिले के कुसमुंडा के एसईसीएल कॉलोनी में रहती थी। वो न्यूज एंकर का काम करती थी। इस दौरान साल 2018 में सलमा अचानक लापता हो गई।

### चरित्र शंका और पैसों का लेनदेन हत्या की वजह

गिरफ्तारी के बाद मुख्य आरोपी मधुर ने बताया कि, पैसों के लेनदेन और चरित्र शंका के चलते एंकर की हत्या की गई। आरोपी के पास से हार्ड डिस्क और लैपटॉप जब्त किया गया था। इसकी जांच में कुछ ऑडियो क्लिप के बारे में पता चला। जिस वाहन का इस्तेमाल लाश को दफनाने में किया गया था, उसे भी जब्त किया जा चुका है। मार्च 2023 में राज्य स्तरीय ऑपरेशन मुस्कान में गुम इंसान महिलाओं और बच्चों का पता लगाने के लिए अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान थाना कुसमुंडा में सलमा सुल्ताना की केस डायरी की भी बारीकी से जांच की गई। परिजन का बयान लेने पर पता चला कि यूनियन बैंक से सुल्ताना ने



# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


## अंगदान जागरुकता दिवस आज

### ऐसे चला पूरा ऑपरेशन

11 अगस्त को रामकृष्ण अस्पताल में मुन्नी गोसाई को ब्रेन डेथ घोषित किया गया। इसके बाद अंगदान की प्रक्रिया शुरू की गई, जिसमें एक किडनी एम्स को तथा एक किडनी रामकृष्ण को दी गई। वहीं उनका लीवर भी रामकृष्ण को मिला। आंखें डॉ. भीमराव आंबेडकर स्मृति चिकित्सालय को सौंपी गईं। छत्तीसगढ़ की इस महतारी ने अपने फेफड़े पुणे की 45 वर्षीय महिला को दान करके उन्हें नया जीवन दान दिया है।




राजनांदगांव लखोली निवासी मुन्नी गोसाई ने किया अंगदान

# मां तुझे सलाम...ब्रेनडेड महिला के अंगों ने चार को दिया नया जीवन, ग्रीन कॉरीडोर बनाकर एयर एंबुलेंस से पुणे भेजे गए फेफड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर, राजनांदगांव

खास खबर

मर कर भी किसी को जिंदगी देना हर किसी को मुनासिब नहीं होता, वह कुछ खास ही होते हैं, जिन्हें भगवान ने चुना होता है। ऐसे ही लोग समाज के लिए दिए गए उनके पैगाम बोलते हैं। वह खामोश हो जाते हैं, मगर उनके काम बोलते हैं। वो मां है, जिसने कई जिंदगियों को जन्म दिया और अपनी मौत के बाद भी वह कई लोगों को जिंदगी दे गई। हम बात कर रहे हैं राजनांदगांव शहर के लखोली निवासी श्रीमती मुन्नी गोसाई की, जो वर्तमान में गंडई नगर में निवासरत थी, जिन्हें चिकित्सकों ने ब्रेनडेड घोषित कर दिया और उनके परिजनों ने उनके अंगों को दान कर कई लोगों को नया जीवन दे दिया। समाज को प्रेरणा देने वाली यह दास्तान श्रीमती मुन्नी गोसाई के ▶▶|शेष पेज 2 पर



### परिवार की सराहना, डॉक्टर ने माना अहम कदम

इस पूरे अंगदान में रामकृष्ण के ट्रांसप्लांट कोऑर्डिनेटर उमाशंकर, डॉ. निकिता श्रीवास्तव और एम्स रायपुर से एन विशोक, अम्बे पटेल, तथा विनीता पटेल अंगदानी परिवार के लिए सजग और सहयोगी रहे हैं। राज्य अंग एवं ऊतक प्रत्यारोपण संगठन के संचालक डॉ. विनीत जैन ने भी इस मौके को अंतर्राज्यीय अंगदान सेवाओं की पहल की दिशा में अहम कदम बताया। राज्य नोडल अधिकारी डॉ. कमलेश जैन ने पूरी अंगदान एवं प्रत्यरोपण करवाने वाली सभी हॉस्पिटल्स की टीम को ढेरों बधाई दी।

### ग्रीन कॉरीडोर बनाया गया




छत्तीसगढ़ में अंगदान की सूचना पर फेफड़ों के लिए क्षेत्रीय अंग और ऊतक प्रत्यारोपण संगठन में अलर्ट जारी किया गया था, जिसके बाद डॉ डीवाई हॉस्पिटल पिम्परी पुणे की 45 वर्षीय महिला को प्रत्यारोपण के लिए चुना गया। डॉ डी वाई हॉस्पिटल पिम्परी पुणे की टीम सुबह ही एयर एम्बुलेंस से समय पर पहुंच कर सही समय पर मरीज के शरीर से फेफड़ों को जरूरतमंद तक पहुंचाया गया। इस बार फिर पुलिस की मदद से रामकृष्ण हॉस्पिटल से एयरपोर्ट तक तत्काल अंगों की आवा जाही के लिए ग्रीन कॉरिडोर बनाया गया। राज्य में पहली बार अंतरराज्यीय स्तर पर अंगदान हुआ है।


inh 24x7

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### अरुणदेव डीजी होमगार्ड नेहा गृह सचिव





**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में 2 आईपीएस अफसरों के ट्रांसफर किए गए हैं। यह आदेश गृह विभाग की ओर से जारी किया गया है। अरुणदेव गौतम को नगर सेना एवं नागरिक सुरक्षा और अग्निशमन महानिदेशक की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं आईपीएस नेहा चंपावत को गृह सचिव का प्रभार सौंपा गया। इधर, देर शाम डॉ. सीआर प्रसन्ना, सचिव सहकारिता विभाग तथा अतिरिक्त प्रभार, महानिदेशक, ठाकुर प्यारेलाल राज्य पंचायत एवं ग्रामीण विकास संस्थान को उनके वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ सचिव, गृह एवं जेल विभाग का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

### अनियंत्रित कार खंभे से टकराई, तीन की मौत

**नोएडा।** नोएडा में एक अनियंत्रित कार के सड़क किनारे लगे एक खंभे से टकरा जाने से उसमें सवार दो भाइयों समेत तीन लोगों की मौत हो गई। मृतकों में दो सगे भाई हैं और उनकी पहचान ईशान (18) तथा आर्यन (21) के रूप में की गई है तथा तीसरे मृतक की पहचान विनय के रूप में हुई है।

### नेपाल सीमा के पास 80 लाख की हेरोइन जब्त



**बहराइच।** यूपी के बहराइच जिले में नेपाल की सीमा से सटे रूपईडीहा क्षेत्र में सशस्त्र सीमा बल और पुलिस की संयुक्त टीम ने मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार कर उसके पास से लगभग 80 लाख रुपए कीमत की हेरोइन बरामद की।

### कानोता बांध में पांच युवकों के मिले शव

**जयपुर।** जयपुर के कानोता बांध में डूबे पांच युवकों के शव रविवार रात को जलाशय से निकाल लिए गए। बांध में डूबे युवकों की पहचान हर्ष नागौरा (20), विनय मीणा (22), विवेक माहोर (22), अजय माहोर (23) और हरकेश मीणा (24) के रूप में की गई है।

### फर्जी टिकट लेकर हवाई यात्रा, गिरफ्तार



**पुणे।** पुणे अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सतर्क सुरक्षा अधिकारियों ने 27 वर्षीय एक व्यक्ति को फर्जी टिकट के जरिये लखनऊ की उड़ान में सवार होने की कोशिश करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। आरोपी सलीम गोले खान ने अपने मित्र नसरुद्दीन खान से टिकट प्राप्त किया था।

## ममता बोलीं- पुलिस फेल हुई तो सीबीआई को सौंपेंगे मामला

# कोलकाता की 'निर्भया' से देशभर में गुस्सा हड़ताल पर डॉक्टर, सियासत भी तेज

एजेंसी ▶▶| कोलकाता/ नई दिल्ली

*प. बंगाल के कोलकाता में ट्रेनी डॉक्टर की हत्या के विरोध में सोमवार को रेजिडेंट डॉक्टरों ने की देशव्यापी हड़ताल की। दिल्ली के आरएमएल अस्पताल और सफदरजंग में डॉक्टरों ने अस्पताल के बाहर सड़कों पर निकलकर प्रदर्शन किया। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के केजीएमयू अस्पताल में भी डॉक्टर बैनर-पोस्टर लेकर सड़कों पर निकले। हड़ताल का सबसे ज्यादा प्रभाव पश्चिम बंगाल पर पड़ा है। सूबे में पिछले तीन दिन से हड़ताल कर रहे जूनियर डॉक्टर इमरजेंसी ड्यूटी कर रहे थे, लेकिन सोमवार उन्होंने यह भी बंद कर दी।*

कोलकाता के सरकारी आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के जूनियर चिकित्सकों ने सोमवार को सवाल उठाया कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ने एक महिला चिकित्सक के साथ दुष्कर्म और हत्या मामले को सुलझाने के लिए सात दिनों की समयसीमा क्यों तय की। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि मांगें पूरी होने तक वे अपनी हड़ताल जारी रखेंगे। प्रदर्शन कर रहे चिकित्सकों को देशभर के विभिन्न हिस्सों से समर्थन मिल रहा है। 'फेडरेशन ऑफ रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया' (फोर्डा) ने हड़ताल का समर्थन किया है। सोमवार को वैकल्पिक सेवाओं को रोकने का देशव्यापी आह्वान किया है। 'पश्चिम बंगाल डॉक्टर्स फोरम' ने भी राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को पत्र लिखकर, महिला चिकित्सक से बलात्कार और हत्या मामले की जांच के लिए एक निष्पक्ष जांच समिति गठित करने का अनुरोध किया है। उसने राज्य के विभिन्न अस्पतालों में कार्यरत चिकित्सकों और स्वास्थ्यकर्मियों के लिए पर्याप्त सुरक्षा तथा दोषी को मृत्युदंड देने की भी मांग की है।

महिला चिकित्सक से कथित बलात्कार और उसकी हत्या की मजिस्ट्रेट जांच की मांग को लेकर जूनियर चिकित्सकों की हड़ताल और जनाक्रोश के बीच ▶▶|शेष पेज 2 पर

**डॉक्टरों ने अस्पताल के बाहर सड़कों पर निकलकर किया प्रदर्शन**

**हड़ताल का सबसे ज्यादा प्रभाव पश्चिम बंगाल पर पड़ा**

### हाथ-पैर पर चोट के निशान, गर्दन भी टूटी

लेडी डॉक्टर से रेप और मर्डर केस में कई खुलासे हुए हैं। मृतका के परिजनों को पुलिस ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट सौंप दी है। इस रिपोर्ट में हत्या, मौत से पहले की प्रकृति और सेक्सुअल पेनेट्रेशन की बात की कही गई है। हाथ-पैर पर चोट के निशान दिखे, गर्दन भी टूटी हुई थी। इसमें बताया गया है कि पीड़िता की हत्या गला घोंटकर हुई थी, उससे पहले उसके साथ बलात्कार हुआ था।




### छग में काली पट्टी लगाकर काम

रायपुर। कोलकाता ट्रेनी डॉक्टर से रेप की घटना पर छत्तीसगढ़ में भी गुस्सा देखने को मिल रहा है। बीते दिनों कैंडल मार्च निकालने के बाद काली पट्टी लगाकर जूनियर डॉक्टर्स एसोसिएशन के डॉक्टरों ने कार्य किया। एसोसिएशन के अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि देशभर में विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। जब तक हमारी मांग पूरी नहीं होगी, विरोध जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि अभी हमने किसी भी तरह की सेवा देना बंद नहीं किया है। सभी से बातचीत के बाद इस पर फैसला लेंगे। आगे की रणनीति बनाई जा रही है।

### कॉलेज के प्राचार्य ने दिया इस्तीफा

मुख्यमंत्री बनर्जी ने यह भी कहा कि आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के प्राचार्य ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा, उन्होंने (घटना के बाद) उनके लिए अपशब्दों के इस्तेमाल के बारे में बताया है। हमने उन्हें दूसरे विभाग में भेज दिया है। हमने लापरवाही के कारण चिकित्सा अधीक्षक और उप प्राचार्य को भी हटा दिया है। 'चेस्ट मेडिसिन' विभाग के प्रमुख और आरजी कर अस्पताल की सुरक्षा के प्रभारी कोलकाता पुलिस के एसीपी को भी हटा दिया गया है।

**माजदा वाहन-बाइक में टक्कर**

## बच्चों का इलाज कराने जा रहे आश्रम अधीक्षक की मौत, दो छात्र गंभीर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोंडागांव/फरसगांव

नेशनल हाईवे 30 में जुगानी पेट्रोल पंप के पास सोमवार को रायपुर से जगदलपुर की ओर जा रहे माजदा वाहन और बाइक में टक्कर होने से आश्रम अधीक्षक की मौत हो गई। हादसे में दो बच्चे घायल हो गए। बच्चों की तबियत खराब होने पर अधीक्षक इलाज के लिए अस्पताल ले जा रहे थे। उसी दौरान हादसा हो गया।

भण्डारसिवनी बुरकाभाटा निवासी सुखराम मरकाम वहां स्थित आश्रम में अधीक्षक थे। आश्रम के दो बच्चे गौरव मंडावी एवं मिथलेश की तबियत खराब हो गई। अधीक्षक एक बाइक में दोनों बीमार बच्चों का इलाज कराने लंजोडा अस्पताल ले जा रहे थे। इसी बीच नेशनल हाईवे 30 में जुगानी पेट्रोल पंप के पास रायपुर से जगदलपुर जा रही माजदा ने बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर से बाइक चला रहे आश्रम अधीक्षक सुखराम की मौके पर मौत हो गई। हादसे में दोनों बच्चों को गंभीर चोटें आईं हैं, जिनका इलाज फरसगांव अस्पताल में किया जा रहा है।

### बच्चों का इलाज जारी

थाना प्रभारी फरसगांव नरेश साहू ने बताया कि वाहन की चपेट में बाइक आने से हादसा हुआ है। आश्रम अधीक्षक सुखराम की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। हादसे में घायल कक्षा 4 और पहली कक्षा में पढ़ने वाले दो छात्रों का इलाज जारी है।

## भूपेश, सिंहदेव, दीपक ने कमेटी को बताया क्यों हारे चुनाव?

■ कार्यकर्ताओं के बाद बड़े नेताओं से जाना गया चुनाव में कमजोर प्रदर्शन का कारण







हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर/नई दिल्ली

खास खबर

छत्तीसगढ़ में विधानसभा और लोकसभा चुनाव में मिली हार पर कांग्रेस की फैक्ट फाइंडिंग कमेटी दिल्ली में सोमवार को छत्तीसगढ़ के नेताओं से वन-टू-वन चर्चा कर रिपोर्ट को फाइनल टच दिया गया। पार्टी के सीनियर नेताओं को दिल्ली बुलाया गया है। हरीश चौधरी ने कहा, कमेटी को समय पर्याप्त मिला है, रिपोर्ट जल्द कांग्रेस अध्यक्ष को देंगे। ▶▶|शेष पेज 2 पर

### छत्तीसगढ़ में एक हजार से अधिक नेताओं से चर्चा- चौधरी

फैक्ट फाइंडिंग कमेटी की बैठक के बाद हरीश चौधरी ने कहा, छत्तीसगढ़ में समीक्षा के दौरान 1100 के करीब नेताओं से बात की गई। सोमवार को दिल्ली में स्टेट लीडरशिप के वरिष्ठ नेताओं से बात की गई है। हमारा प्रयास रहेगा जल्द रिपोर्ट बनाकर आलाकमान को सौंप दें। लोकसभा चुनाव परिणाम को लेकर फैक्ट फाइंडिंग कमेटी की बैठक में चर्चा हुई। गुप्त तरीके से रिपोर्ट बनाने का हमें कहा गया है।

### आज कांग्रेस पार्टी की महाबैठक

हरिभूमि न्यूज: नई दिल्ली। लंबे समय के बाद कांग्रेस पार्टी का शीर्ष नेतृत्व संगठन की ओवरहॉलिंग के लिए फिर संग साथ बैठेगा। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने देश भर के प्रदेश अध्यक्षों, विधायक दल के नेताओं, विस चुनाव के लिए बनायी गयी समिति के सदस्यों और प्रदेश प्रभारियों को मंगलवार को दिल्ली तलब किया है। एआईसीसी मुख्यालय में बैठक आहूत की जानी है। पार्टी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने बताया कि चार राज्यों के आसन्न विस चुनाव पर वृहत चर्चा होनी है। हरियाणा, महाराष्ट्र, झारखंड और बिहार में विधानसभा चुनाव होने हैं। चुनावों में गठबंधन में चुनाव में जाना है तो उसका प्रारूप क्या होना चाहिए, ऐसे सवालों को मथा जाएगा। ओडिशा प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ▶▶|शेष पेज 2 पर

## अंतागढ़ टेपकांड खत्म, पवार ने कहा- भूपेश और किरणमयी पर करूंगा मानहानि का दावा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अंतागढ़ टेपकांड में क्लोजर रिपोर्ट कोर्ट में मंजूर होने के बाद एसआईटी का केस खत्म हो गया। इसके साथ ही सियासत भी गरमा रही है। अंतागढ़ उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी रहे मंतूराम पवार ने नामांकन वापस ले लिया था, उसके बाद केस दर्ज कराया गया था। क्लोजर रिपोर्ट के बाद मंतूराम पवार ने कहा कि वे अब इस मामले में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और किरणमयी नायक सहित अन्य नेताओं पर मानहानि का दावा करेंगे। उन्होंने कहा, मुझ पर करोड़ों रुपए लेकर चुनाव मैदान से हटने का आरोप लगाया ▶▶|शेष पेज 2 पर

**पूर्व विधायक मंतूराम पावर को कोर्ट से मिली क्लीनचिट, क्लोजर रिपोर्ट के बाद सियासत**





### गीदड़ भभकी से डरने वाले नहीं : किरणमयी

महिला आयोग की अध्यक्ष और कांग्रेस नेता किरणमयी नायक ने मामले में कहा कि अभी तक वे इस प्रकरण में क्या कर रहे थे। अब ▶▶|शेष पेज 2 पर

### पुलिस बोली, न साक्ष्य और न गवाह, इसलिए क्लोजर रिपोर्ट

राज्य की राजनीति में भूचाल ला देने वाले अंतागढ़ टेप मामले में पुलिस ने कोर्ट में मई में क्लोजर रिपोर्ट पेश कर दी है। क्लोजर रिपोर्ट पेश करने की जो वजह निकलकर सामने आई है, उसके मुताबिक आरोपी बनाए गए लोगों का वॉइस सैंपल मेल नहीं खाना बताया गया है। इसके अलावा टेपकांड मामले में फोरेंसिक साक्ष्य नहीं मिलने की वजह से पुलिस ने तीन माह पूर्व मई में कोर्ट में क्लोजर रिपोर्ट दाखिल ▶▶|शेष पेज 2 पर

**सीएम साय और केंद्रीय मंत्री ने किया शुभारंभ**

## ई-ऑक्शन प्रणाली से काष्ठ की नीलामी में आएगी पारदर्शिता



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और केंद्रीय वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने यहां नवा रायपुर स्थित अरण्य भवन में छत्तीसगढ़ में इलेक्ट्रॉनिक ऑक्शन प्रणाली का शुभारंभ किया। इस मौके पर वन विभाग द्वारा दो करोड़ रूपए की ▶▶|शेष पेज 2 पर

### दो करोड़ की लागत से ऑडिटोरियम

वन विभाग द्वारा करीब दो करोड़ रुपए की लागत से नवनिर्मित इस अत्याधुनिक ऑडिटोरियम में आंतरिक साज-सज्जा, लाइट, साउंड सिस्टम, वातानुकूलित, स्टेज, एल.ई.डी स्क्रीन जैसी सुविधाओं के साथ 140 लोगों के बैठने की व्यवस्था है। वन मुख्यालय में समय-समय पर होने वाले सेमिनार, वर्कशॉप, मैदानी अमले, संयुक्त वन प्रबंधन समिति सदस्यों के लिए ▶▶|शेष पेज 2 पर

**फर्जीवाड़े पर अधिकारी गंभीर नहीं, मिलीभगत के लग रहे आरोप**

# फिर नहीं पहुंचे सीएमएचओ, टली बैठक, अब प्रशासन सीधे राज्य मेडिकल बोर्ड में कराएगा बहरेपन की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

हरिभूमि लगातार

मुंगेली जिले के लोरमी विकासखंड के 7 गांवों में पिछले 10 सालों में बनाए गए श्रवण बाधित सर्टिफिकेट की जांच नहीं हो पा रही है। बार-बार मेडिकल कराने के निर्देश के बाद भी कभी मशीन खराब हो जा रही है तो कभी कमेटी की बैठक टल जा रही है। सोमवार को मुंगेली जिले में होने वाली कमेटी की बैठक भी नहीं हो सकी, क्योंकि ▶▶|शेष पेज 2 पर

### 2016 और 2018 में हुआ अधिकांश फर्जीवाड़ा

2016 और 2018 में हुई भर्ती की सूची का अवलोकन करने पर एक बात जो देखने में आ रही है कि अधिकांश चयनित उम्मीदवार राजपूत, सिंह और राठौर सरनेम के हैं। यह सभी बिलासपुर, मुंगेली और जांजगीर-चांपा जिले के निवासी हैं। अधिकांश फर्जी प्रमाण पत्र भी लोरमी और जांजगीर-चांपा ▶▶|शेष पेज 2 पर

**हरिभूमि की खबर पर हरकत में आया प्रशासन**


हरिभूमि के खुलासे से हड़कंप, आनन-फानन में बुलाई गई ज्वाइंट कमेटी की बैठक, अब राज्य मेडिकल बोर्ड में होगा टेस्ट

### मशीन चालू लेकिन रिपोर्ट आती है खराब

संभागीय मेडिकल बोर्ड सिम्स में इन दिनों बेरा व आडियोमेट्री मशीन खराब पड़ी हुई है। बताया जा रहा है कि मशीन पिछले एक साल से खराब है, लेकिन कुछ माह पहले ही इसे बनाया ▶▶|शेष पेज 2 पर

### कलेक्टर के आदेश को दिखा रहे ठेंगा

ध्यान रहे कि लोरमी ब्लाक के सारधा, लोरमी, सुकली, झाफल, फुलझर, विचारपुर, बोड़तरा गांव के लोगों के बने सभी दिव्यांग प्रमाण-पत्रों पर सवाल लंबे समय उठ रहे हैं। बात सामने आई है कि अकेले 53 लोग कृषि विभाग में ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी के पद पर पदस्थ हैं। वहीं तीन लोग कृषि शिक्षक के पद पर काबिज हैं, जिन्होंने श्रवण बाधित होने का फर्जी विकलांगता प्रमाण पत्र पेश किया है। इसकी लगातार शिकायत के बाद मुंगेली कलेक्टर ने पिछले महीने 22 ऐसे लोगों का मेडिकल संभागीय ▶▶|शेष पेज 2 पर

चिंतन

# खुदरा महंगाई 4% से नीचे अब 'ग्रोथ' पर हो फोकस

हालांकि खाने-पीने की चीजों की कीमतें आसमान छू रही हैं, आम लोगों के बजट पेट भरने में ही चरमरा रहे हैं, लेकिन खुदरा महंगाई दर के आंकड़े पांच वर्ष के निचले स्तर पर हैं। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, खाद्य वस्तुओं की कीमतों में नरमी से खुदरा महंगाई दर जुलाई में घटकर 3.54 प्रतिशत पर आ गई। 59 महीनों में यह पहला मौका है जब मुद्रास्फीति भारतीय रिजर्व बैंक के चार प्रतिशत के लक्ष्य से नीचे आई है। इससे पहले, खुदरा मुद्रास्फीति सितंबर, 2019 में चार प्रतिशत के नीचे 3.21% थी। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित खुदरा मुद्रास्फीति इस साल जून में 5.08 प्रतिशत थी, जबकि बीते साल जुलाई में यह 7.44 प्रतिशत थी। अनाज, फल, सब्जी, दाल, मसालों के दाम घटने से खाद्य वस्तुओं की महंगाई जुलाई में 5.42 प्रतिशत रही, यह जून में 9.36 प्रतिशत थी। शहरी महंगाई भी महीने-दर-महीने आधार पर 4.39% से घटकर 2.98% पर आ गई है। ग्रामीण महंगाई 5.66% से घटकर 4.10% पर पहुंच गई है। आंकड़े बेहद आकर्षक है, जबकि रिजर्व बैंक की मौद्रिक समिति ने अपनी मौद्रिक समीक्षा में महंगाई बढ़ने के डर से ही पिछले कई महीनों से रेपो रेट में कटौती नहीं की है। हालांकि रिजर्व बैंक पर रेपो दर में कटौती का दबाव है। यह बहुत ही दिलचस्प है कि खाने-पीने की सभी चीजें महंगी हैं, कोरोना काल के बाद से लगातार खाद्य वस्तुओं की कीमतें बढ़ती गई हैं, इसमें जीएसटी व आपूर्ति सिस्टम भी कारक हैं, इसके बावजूद खुदरा महंगाई दर जुलाई में खाने-पीने की चीजों के दाम घटने से ही 3.54 फीसदी पर आ गई है, जबकि महंगाई के बास्केट में लगभग 50 फीसदी योगदान खाने-पीने की चीजों का होता है। यह सर्वविदित है कि बरसात के मौसम में फल व सब्जियों की पैदावार व आवक कम हो जाती है, आपूर्ति में भी बाधा आती है, इसलिए इनके दाम बढ़ जाते हैं। सरकार का रिटेल महंगाई का आंकड़ा बरसात के मौसम की दिक्कतों को झुठला रहा है। हाल ही में हुई मौद्रिक नीति समिति की बैठक के दौरान रिजर्व बैंक ने इस वित्त वर्ष के लिए अपने महंगाई अनुमान को 4.5% पर अपरिवर्तित रखा था। ऐसे में जुलाई का आंकड़ा रिजर्व बैंक के लिए राहतभरा है। तो अगली मौद्रिक नीति समीक्षा के दौरान रेपो रेट में चौथाई फीसदी की कटौती की उम्मीद की ही जा सकती है। महंगाई में कमी से सरकार व रिजर्व बैंक के लिए अब अवसर ग्रोथ को गति देने का है। रेपो में कटौती से लेकर नीतिगत उपाय तक किए जा सकते हैं। देश की अर्थव्यवस्था में अगले चरण के सुधार की दरकार है। आम बजट में सरकार ने एजेंडा भी तय किया है। अब सरकार महंगाई की चिंता छोड़ कर कठोर आर्थिक फैसले कर सकती है। क्रय शक्ति निर्धारित करने के लिए मुद्रास्फीति महत्वपूर्ण है। क्रय शक्ति बढ़ेगी तो अर्थव्यवस्था को भी लाभ होगा। मध्यम व नियंत्रित मुद्रास्फीति विकास को गति देती है, लेकिन उच्च व निम्न मुद्रास्फीति दोनों विकास की गति की अवरोधक हैं। अतीत में सरकार ने महंगाई नियंत्रण के लिए पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में कटौती, महत्वपूर्ण कच्चे माल और कच्चे खाद्य तेलों पर आयात शुल्क में कमी और जमाखोरी पर लगाम की कोशिश की है, तो रिजर्व बैंक ने रेपो रेट बढ़ा कर व स्थिर रखकर मौद्रिक उपाय किए हैं। नतीजे के रूप में रिटेल महंगाई के आंकड़े तुलनात्मक रूप से कम हुए हैं, इसके बावजूद आपूर्ति सिस्टम को सुधारने व जमाखोरी-कालाबाजारी पर चोट की जरूरत है।

स्मृति शेष
विवेक शुक्ला



# नटवर व जिया उल हक थे मित्र

भारत के पूर्व विदेश मंत्री नटवर सिंह भारत के 1980 के दशक में इस्लामाबाद में भारत के उच्चायुक्त रहे थे। उन दिनों पाकिस्तान के राष्ट्रपति जिया उल हक थे। तब तक जिया उल हक की छवि एक पत्थरदिल राष्ट्राध्यक्ष की बन गई थी। कारण यह था कि उन्होंने दुनिया के कहने के बावजूद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री जुल्फिकार अली भुट्टो की फांसी की सजा को माफ नहीं किया था। जब नटवर सिंह इस्लामाबाद पहुंचे तो उनकी जिया हल हक से मुलाकात हुई। उस दौरान नटवर सिंह ने जिया को बताया कि वे भी राजधानी के सेंट स्टीफंस कॉलेज के पढ़े हैं। फिर तो दोनों के संबंध घनिष्ठ होते चले गए। नटवर सिंह का बीते शनिवार को निधन हो गया। नटवर सिंह के आग्रह पर जिया उल हक ने सेंट स्टीफंस कॉलेज की पत्रिका दि स्टीफेनियन (The Stephanian) के लिए एक लेख भी लिखा था। दरअसल 1981 सेंट स्टीफंस कॉलेज का शताब्दी साल था। उस खास मौके पर सेंट स्टीफंस कॉलेज में कार्यक्रम हो रहे थे। दि स्टीफेनियन का एक खास अंक में प्रकाशित हो रहा था। नटवर सिंह की गुजारिश पर जिया उल हक ने उसमें अपने सेंट कॉलेज के दिनों पर एक लेख खुशी-खुशी लिखा था। वे सेंट स्टीफंस कॉलेज के शताब्दी वर्ष के समारोह में भाग भी लेना चाहते थे। पर उनके भारत के दौरे को तब के प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की तरफ से हरी झंडी नहीं मिली थी।

नटवर सिंह ने अपनी आत्मकथा वन लाइफ इज नॉट एनफ (One Life is not enough) में लिखा है कि उसी दौर में सेंट स्टीफंस कॉलेज के प्रिंसिपल राजपाल की अगुवाई में कॉलेज के कुछ अध्यापकों और छात्रों का एक जत्था इस्लामाबाद आया। नटवर सिंह ने उनकी जिया उल हक से मुलाकात करवाई। वे अपने साथ एक यादगार तोहफा जिया उल हक के लिए लाए थे। उन्होंने जिया उल हक को एक फोटो भेंट की, जिसमें वे अपनी क्लास के बाकी साथियों के साथ खड़े हैं। वह फोटो जिया इसलिए खरीद नहीं सके थे, क्योंकि उनके पास अपने छात्र जीवन के समय पैसे की किल्लत रहा करती थी। उस यादगार फोटो को देखकर सैन्य तानाशाह बहुत भावुक हो गया था। हालांकि जिया उल हक की अपने कॉलेज में आने की हसरत 1981 में ही पूरी हो गई थी जब वे निर्गुट सम्मेलन में भाग लेने राजधानी आए थे। जिया उल हक 1941 से 1945 तक पढ़े थे। नटवर सिंह ने 1948 में सेंट स्टीफंस कॉलेज ज्वाइन किया था। उन्होंने अपनी आत्मकथा में लिखा है कि वे 15 अगस्त 1948 को प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू का लाल किले से स्वाधीनता दिवस पर देश के नाम दिए जाने वाले संदेश को सुनने के लिए गए थे। वे कॉलेज की स्टुडेंट यूनियन के भी प्रेसिडेंट रहे थे।

विदेश सेवा में रहते हुए नटवर सिंह ने दुनिया देखी थी। वे 1962 के संयुक्त राष्ट्र के सालाना सम्मेलन के उस खास दिन मौजूद थे जिस दिन दुनिया की दो चोटी की शख्सियतों अमेरिकी राष्ट्रपति जॉन एफ कैनेडी और महान क्रांतिकारी चे ग्वेरा ने सदन के सामने अपने यादगार भाषण दिए थे। तब तक दोनों को संसार जानने लगा था। नटवर सिंह लिखते हैं कि कैनेडी की सारी पर्सनेल्टी चमत्कारी थी। उन्हें देख-सुनकर कोई भी प्रभावित हुए बिना नहीं रह सकता था। उनके कालजयी भाषण 'आस्क नॉट व्हाट योर कंट्री कैन डू फॉर यू...' के बाद वे दुनिया के सबसे सम्मानित राजनेता माने जाने लगे थे। नटवर सिंह बताते थे कि चे ग्वेरा और कैनेडी को सुनने के लिए संयुक्त राष्ट्र का सभागार खचाखच भरा हुआ था। जैसी उम्मीद थी, चे ग्वेरा ने अपने जोशीले भाषण के दौरान अमेरिका की नीतियों को जमकर कोसा। ग्वेरा के भाषण को सुनकर कैनेडी सहज तो नहीं थे। जरा सोचिए उन लम्हों के बारे में जब संयुक्त राष्ट्र के सत्र में कैनेडी और चे ग्वेरा साथ-साथ बैठे होंगे। कैनेडी ने दुनिया के सामने चुनौतियों के इर्द-गिर्द अपने भाषण को रखा। नटवर सिंह के अनुसार, कैनेडी की 24 नवंबर 1963 को वाशिंगटन में हुई अंत्येष्टि में प्रधानमंत्री नेहरू को शामिल होना चाहिए था। कैनेडी ने चीन के साथ जंग में भारत का खुलकर साथ दिया था। इसके बावजूद उनकी अंत्येष्टि में भारत से राष्ट्रपति या प्रधानमंत्री नहीं पहुंचे थे। भारत ने कैनेडी की मृत्यु पर जो शोक प्रस्ताव अमेरिकी सरकार को भेजा था, उसे नटवर सिंह ने ही लिखा था।

नटवर सिंह का विवाह 21 अगस्त 1967 को पटियाला हाउस में पटियाला के महाराजा यादवेन्द्र सिंह की पुत्री हेमेन्द्र कौर से हुआ था। तब तक यहां पटियाला हाउस में कोर्ट नहीं बने थे। विवाह के बाद अशोक होटल में रिसेप्शन हुई थी। उसके बाद वे सपत्नीक लोदी रोड के सरकारी फ्लैटों में भी रहे। रिश्ते में नटवर सिंह के साले हैं पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह। अजीब इत्तेफाक है कि नटवर सिंह की अंत्येष्टि पटियाला हाउस लोधी रोड के करीब ही लोधी रोड श्मशान भूमि में हुई। वहां पर नटवर सिंह को अंतिम विदाई देने कैप्टन अमरिंदर सिंह भी मौजूद थे।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



सियासत
उज्ज्वल वीरेंद्र दीपक

# 'कौन जात हो'

जाति जनगणना की मांग करने वाले राहुल गाँधी ने चुनावों के दौरान 'जितनी आबादी-उतना हक़' का नारा बुलंद किया। इसके पहले पूर्व प्रधानमंत्री डा. मनमोहन सिंह जी ने यह कहा था कि देश के संसाधनों पर पहला अधिकार अल्पसंख्यकों का है। इतिहास में देखा जाए तो कांग्रेस पार्टी के पूर्वजों ने कभी भी जाति और आरक्षण का समर्थन नहीं किया। पंडित नेहरू, उनकी सुपुत्री इंदिरा गाँधी और इनके पुत्र राजीव गाँधी ने जातिवाद की राजनीति और आरक्षण का हमेशा विरोध किया है। जब वर्षों से कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व जाति-आधारित आरक्षण के खिलाफ खड़ा है, तब जाति जनगणना की नई मांग मुस्लिम कोटा के लिए रास्ता बनाने की दिशा में शायद एक नया कदम है?

दशकों से ये सवाल भारत की एक बड़ी आबादी से पूछा जाता रहा है। 'भेदभाव' ही इस प्रश्न का एकमात्र उद्देश्य और परिणाम है। अगड़ी जाति के लोगों ने इसका उपयोग पिछड़ी जाति के लोगों की पहचान करने, उन्हें 'उनकी' तरह का काम प्रदान करने और उनके साथ अलग व्यवहार करने के लिए किया है। हालाँकि जाति व्यवस्था हमेशा कर्म आधारित रही है, लेकिन हम किसी तरह इसे जन्म के आधार पर वर्गीकृत करने में कामयाब रहे हैं, और हाल की घटनाएं इस युग की वापसी की ओर इशारा कर रही हैं। हाल ही में लोकसभा में बहस के दौरान अनुराग ठाकुर द्वारा राहुल गांधी की जाति पूछे जाने पर हंगामा मच गया। अखिलेश यादव ने आपत्ति जताते हुए कहा कि कोई किसी की जाति कैसे पूछ सकता है? इन सभी घटनाओं के बाद भारत जोड़ो यात्रा के दौरान राहुल गांधी द्वारा पत्रकार का नाम और उसके मालिक का नाम पूछने और अखिलेश यादव द्वारा पत्रकार की जाति पूछने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

जाति जनगणना की मांग करने वाले राहुल गाँधी ने चुनावों के दौरान 'जितनी आबादी-उतना हक़' का नारा बुलंद किया है। इसके पहले पूर्व प्रधानमंत्री डा. मनमोहन सिंह जी ने यह कहा था कि देश के संसाधनों पर पहला अधिकार अल्पसंख्यकों का है। इतिहास में देखा जाए तो कांग्रेस पार्टी के पूर्वजों ने कभी भी जाति और आरक्षण का समर्थन नहीं किया। पंडित नेहरू, उनकी सुपुत्री इंदिरा गाँधी और इनके पुत्र राजीव गाँधी ने जातिवाद की राजनीति और आरक्षण का हमेशा विरोध किया है। कांग्रेस पार्टी का बदला हुआ चाल चरित्र और चेहरा एक चिंतनीय विषय है। हाल में अमेरिका में कमला हैरिस ने भी कहा कि अगर ट्रम्प चुनकर आए तो वो देश का संविधान बदल देंगे। अब अगर इन बयानों को जोड़ें तो एक श्रृंखला नज़र आती है। जब वर्षों से कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व जाति-आधारित आरक्षण के खिलाफ खड़ा है, तब जाति जनगणना की नई मांग अल्पसंख्यक तुष्टिकरण को अगले स्तर पर ले जाने के लिए मुस्लिम कोटा के लिए रास्ता बनाने की दिशा में शायद एक नया कदम है ?

27 जून 1961 को जवाहरलाल नेहरू ने एक पत्र में जाति-आधारित आरक्षण पर अपने विचार व्यक्त किये। उन्होंने घोषणा की कि 'मुझे किसी भी रूप में आरक्षण पसंद नहीं है। खासकर नौकरियों में आरक्षण। मैं ऐसे किसी भी कदम के खिलाफ हूं जो अक्षमता को बढ़ावा देता है और हमें सामान्यता की ओर ले जाता है।' नेहरू ने भारत में सामाजिक न्याय के सबसे महान उपायों में से एक, जो डॉ. भीमराव अंबेडकर का सबसे बड़ा सपना था, को 'अक्षमता' और 'औसत दर्जे' को बढ़ावा देने के रूप में गलत तरीके से प्रस्तुत किया था।

नेहरू की पुत्री, इंदिरा गांधी ने 1977 में सत्ता में आई जनता पार्टी सरकार द्वारा आदेशित मंडल आयोग की रिपोर्ट को ठंडे बस्ते में डाल दिया था। वास्तव में, उन्होंने जाति आधारित पार्टियों का मुकाबला करने के लिए एक नारा गढ़ा था 'ना जात पर ना पात पर, मोहर लगेगी हाथ पर'। इंदिरा गाँधी के पुत्र, राजीव गांधी ने भी मंडल रिपोर्ट को नजरअंदाज कर दिया था। जब पीएम रहते हुए वी.पी. सिंह ने ओबीसी आरक्षण लागू किया तो राजीव ने इसे देश को जातिगत आधार पर बांटने की कोशिश बताया। वास्तव में, 3 मार्च, 1985 को एक अखबार को दिए एक साक्षात्कार में, राजीव गांधी ने बयान दिया कि आरक्षण के



नाम पर 'बुद्धुओं' को प्रोत्साहित नहीं किया जाना चाहिए। सितंबर 1990 में विपक्ष के नेता के तौर पर राजीव ने वीपी सिंह की तुलना उन अंग्रेजों से की थी जिन्होंने देश को जाति और धर्म के आधार पर बांटा था।

राजीव गाँधी के पुत्र राहुल गांधी ने 2022 में जाति जनगणना का आह्वान किया। कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार ने 2011 में जाति जनगणना की और रिपोर्ट के निष्कर्षों को सार्वजनिक किए बिना उसे ठन्डे बस्ते में डाल दिया। राहुल आसानी से भूल जाते हैं कि कांग्रेस ने यह सुनिश्चित किया कि संविधान द्वारा अनिवार्य एससी/एसटी आरक्षण को मुसलमानों के पक्ष में अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (1981) और जामिया मिलिया इस्लामिया (2011) से हटा दिया गया, भले ही दोनों सरकार द्वारा वित्त पोषित हैं। यह नेहरू-गांधी राजवंश द्वारा दिखाए गए पाखंड के कई कृत्यों में से एक है। 2011 में, यह राजद जैसे कांग्रेस के सहयोगी ही थे जिन्होंने जाति जनगणना कराने के लिए यूपीए पर दबाव डाला, जिससे कांग्रेस की दशकों से ऐसा न करने की घोषित नीति की स्थिति पलट गई। 2011 में भी, पी चिदंबरम, आनंद शर्मा और पवन कुमार बंसल जैसे वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं ने जाति जनगणना पर आपत्ति जताई थी और मंत्रियों का एक समूह इस पर कभी किसी नतीजे पर नहीं पहुंच पाया। 4,000 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाले सर्वेक्षण को पूरा करने में पांच साल लग गए लेकिन इसमें तकनीकी खामियां थीं और यह कभी सार्वजनिक नहीं हुआ। दिलचस्प बात यह है कि कांग्रेस नेताओं ने जाति जनगणना के खिलाफ राजवंश के रुख का भी हवाला दिया।

राहुल गांधी ने लोकसभा के लिए अपने चुनाव अभियान को एक स्वर में इस आह्वान पर केंद्रित किया कि भाजपा आरक्षण को खत्म कर देगी और भारत के संविधान को बदल देगी। जनता ने इंडी गठबंधन से ज्यादा सीटें भाजपा को दीं। राहुल ने सबक नहीं सीखा। दरअसल, जाति जनगणना और अंतर्निहित जातिवाद के विरोध के बावजूद कांग्रेस ने पिछले कुछ वर्षों में मुस्लिम कोटा बनाने की नीति में महारत हासिल कर ली है। अतीत में कांग्रेस ने मुसलमानों को आरक्षण देने के लिए दो मॉडल अपनाए थे। पहला कर्नाटक में था - जहां पूर्व सीएम वीरप्पा मोइली ने 1994 में ओबीसी के भीतर ईसाई धर्म में परिवर्तित होने वाले मुसलमानों, बौद्धों और अनुसूचित जातियों के लिए 6 प्रतिशत आरक्षण की घोषणा की थी। दूसरा मॉडल आंध्र प्रदेश में लागू किया गया था, जहां पूर्व कांग्रेस सीएम वाईएस राजशेखर रेड्डी ने मुसलमानों के लिए 4 प्रतिशत आरक्षण की शुरुआत की। कांग्रेस के 2009 के लोकसभा चुनाव घोषणापत्र में विशेष रूप से उल्लेख किया गया था कि 'भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने केरल, कर्नाटक और आंध्र प्रदेश में अल्पसंख्यकों के लिए उनके सामाजिक और आर्थिक पिछड़ेपन के आधार पर सरकारी रोजगार और शिक्षा में आरक्षण का बीड़ा उठाया है। हम इस नीति को राष्ट्रीय स्तर पर अपनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।' यूपीए सरकार के तहत 2004 में न्यायमूर्ति रंगनाथ मिश्रा की अध्यक्षता में धार्मिक और भाषाई अल्पसंख्यकों के लिए राष्ट्रीय आयोग की नियुक्ति एक उदाहरण है। रंगनाथ मिश्रा आयोग की सिफारिशों को ध्यान से पढ़ने पर पता चलता है कि कांग्रेस पार्टी के एक वर्ग ने एससी/एसटी आरक्षण को समाप्त करने की योजना बनाई थी। चाहे वह अनुसूचित जातियों का डी-शेड्यूलिंग हो, या एससी/एसटी आरक्षण को समाप्त करने की समय सीमा तय करने की सिफारिश हो।

यह चिंताजनक है कि छह दशक से अधिक के कांग्रेस शासन को राहुल गांधी भूल गए हैं। यह प्रासंगिक नहीं लगता कि राहुल के सलाहकारों ने उनसे पार्टी की नीति को त्यागने के लिए कहा हो। अधिक संभावना यह प्रतीत होती है कि राहुल से कहा गया है कि वे केवल मुस्लिम आरक्षण के लिए रास्ता बनाने और अल्पसंख्यक तुष्टीकरण की नीति को अगले स्तर पर ले जाने के लिए जाति जनगणना पर जोर दें।

(लेखक कोलंबिया विश्वविद्यालय, न्यूयॉर्क से एमपीए हैं, ये उनके अपने विचार हैं। लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।)

# जीवन का प्रथम अनुबंध किसको माना है?



संकलित
दर्शन

अनुबंध चतुष्टय में 'अधिकारी' को प्रथम अनुबंध स्वीकार किया गया है। मानव की आध्यात्मिक और लौकिक यात्रा के निर्विघ्न संचालन में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। लोक में इसके लिए योग्यता या पात्रता पद का प्रयोग होता है, जिसका तात्पर्य है, किसी कार्य के निष्पादनार्थ पात्रता प्राप्त करना। सामान्यतः प्रत्येक कार्य के लिए प्रत्येक व्यक्ति पात्र नहीं होता। इसलिए अनधिकारी व्यक्ति द्वारा किया गया कार्य सफल और लोकमंगलकारी हो, यह आवश्यक नहीं, परंतु अधिकारी (पात्र) व्यक्ति द्वारा किया गया प्रत्येक कार्य सफल भी होता है और लोकमंगलकारी भी। इसलिए अधिकारी आत्मिक और जागतिक कल्याण का मार्ग प्रशस्त करने वाला मानव जीवन का प्रथम अनुबंध है। इसीलिए इसे शास्त्रों में विशेष महत्व दिया गया है। वेदांत में अधिकारी को परिभाषित करते हुए कहा गया-जिसने विधिवत ज्ञान प्राप्त कर काम्य एवं निषिद्ध कर्मों का परित्याग कर दिया है। नित्य, नैमित्तिक और उपासनादि कर्म करने से जिसकी बुद्धि परिष्कृत और अंतःकरण निर्मल हो चुका है, ऐसा पापरहित व्यक्ति ही विशिष्ट ज्ञान का अधिकारी है। विश्वामित्र आदि ऋषियों ने अधिकारी समझकर ही राम को विविध आयुध प्रदान किए, जिससे उनका दुरुपयोग न हो सके। जैसे अधिकारी व्यक्ति का ज्ञान लोकमंगल के लिए होता है, उसी प्रकार अधिकारी को प्रदान की गईं शक्तियां समाज, देश और मानवता की रक्षा के लिए होती हैं। इतिहास साक्षी है कि जब भी अनधिकारी को शक्तियां प्रदान की गई हैं।

# मुश्किल समय में मन अस्थिर हो जाता है



संकलित
प्रेरणा

गौतम बुद्ध यात्राएं करते रहते थे। यात्रा में उनके शिष्य भी साथ रहते थे। एक दिन वे अपने शिष्य आनंद के साथ यात्रा कर रहे थे। यात्रा करते हुए वे एक जंगल से गुजर रहे थे। उन्हें चलते-चलते काफी समय हो गया था। काफी चलने की वजह से वे थक गए थे। आराम के लिए वे एक जगह रुके। बुद्ध ने शिष्य आनंद से कहा कि प्यास लगी है, पास में से ही एक झरने के बहने की आवाज आ रही है, वहां जाकर पीने का पानी ले आओ। बुद्ध की आज्ञा मिलने के बाद आनंद झरने के पास पहुंच गया। वहां पहुंचकर आनंद ने देखा कि एक बैलगाड़ी पानी में से गुजरी है तो पहियों की वजह से पानी बहुत गंदा हो गया है। पानी में मिट्टी दिख रही थी, पानी पीने लायक नहीं था। आनंद गंदा पानी देखकर लौट आया। आनंद ने लौटकर बुद्ध से कहा कि तथागत, वहां का पानी तो बहुत गंदा है, पीने लायक नहीं है। बुद्ध ने कहा कि अब तुम कुछ देर बाद फिर से जाना। इस बार तुम्हें अच्छा पानी मिल जाएगा। बुद्ध की बात मानकर आनंद कुछ देर बाद फिर से पानी लेने पहुंच गया। इस बार पानी शांत था, पानी में कोई हलचल नहीं थी। पानी एकदम साफ दिख रहा था। आनंद ने तुरंत ही पीने के लिए पानी भरा और बुद्ध के पास लौट आया। बुद्ध ने पानी पीकर आनंद से कहा कि हमारे जीवन में भी कई बार ऐसी स्थितियां बन जाती हैं। मन तनाव की वजह से अशांत हो जाता है। अशांति गंदे पानी की तरह है। जब तक मन अशांत रहता है, तब तक हमें कोई निर्णय नहीं लेना चाहिए।

अंतर्मन




## आज की पाती

### युवाओं की देश-समाज के लिए महत्त्वपूर्ण भूमिका

कुछ दिनों बाद हम स्वतंत्रता दिवस मनाने जा रहे हैं। अगर हम अपने देश के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की कहानियों और इतिहास को पढ़ें तो हमें पता चलेगा कि देश को स्वतंत्र करवाने के लिए देश के युवाओं की कितनी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। 12 अगस्त को अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस मनाया जाता है। सारी दुनिया युवा शक्ति को पहचानती है। इस दिवस का मुख्य उद्देश्य युवाओं की मुख्य भागीदारी पर विचार-विमर्श करना है। मनु भाकर, विनेश फोगाट, नीरज चोपड़ा, अमन सहरावत जैसे युवा होनहार खिलाड़ी खेलों में अपना बेहतर प्रदर्शन कर देश का मान बढ़ा रहे हैं। सामाजिक, धार्मिक, राजनीतिक व आर्थिक समस्याओं के समाधान में भी युवा वर्ग का महत्वपूर्ण योगदान हो सकता है।

*- राकेश साहू, दुर्ग*

करंट अफेयर

# चीन की लेई मुजी ने रचा भरतनाट्यम में इतिहास



स्कूली छात्रा लेई मुजी ने चीन में भरतनाट्यम 'अरंगेत्रम' की प्रस्तुति दे कर इतिहास रच दिया। इसे पड़ोसी देश में लोकप्रियता हासिल कर रही प्राचीन भारतीय नृत्य शैली की यात्रा में एक मील के पत्थर के तौर पर देखा जा रहा है। लेई (13) ने रविवार को यहां प्रसिद्ध भरतनाट्यम नृत्यांगना लीला सैमसन, भारतीय राजनयिकों और बड़ी संख्या में चीनी प्रशंसकों के समक्ष अपनी नृत्य प्रस्तुति दी। भारतीय शास्त्रीय कला और नृत्य शैलियों को सीखने और उनके प्रदर्शन के लिये दशकों तक अपना जीवन समर्पित करने वाले उत्साही चीनी प्रशंसकों के लिए मंच पर उनका पदार्पण एक ऐतिहासिक क्षण और मील का पत्थर था, क्योंकि यह चीन में पहली बार "अरंगेत्रम" - भरतनाट्यम का दीक्षांत समारोह - था। दक्षिण भारत के प्राचीन नृत्य, अरंगेत्रम (जैसा कि इसे तमिल में कहा जाता है) के कलाकार, दर्शकों के अलावा शिक्षकों और विशेषज्ञों के सामने मंच पर अपनी पहली प्रस्तुति देते हैं। केवल 'अरंगेत्रम' के बाद ही छात्रों को स्वयं प्रदर्शन करने या महत्वाकांक्षी नर्तकों को प्रशिक्षित करने की अनुमति दी जाती है।

ऑफ बीट

# खाद्य श्रृंखलाओं से बढ़ रहा है चूहे का जहर



चूहे इंसानों के आसपास अच्छे कारणों से पनपते हैं: वे फसलों और कचरे को खाते हैं और खेतों से लेकर दुनिया के सबसे बड़े शहरों तक कई स्थितियों में आसानी से ढल जाते हैं। इन्हें नियंत्रित करने के लिए लोग अक्सर जहर का सहारा लेते हैं। लेकिन चूहों को मारने वाले रसायन अन्य जानवरों को भी नुकसान पहुंचा सकते हैं। सबसे अधिक इस्तेमाल किए जाने वाले जहर को थक्कारोधी कृंतकनाशक कहा जाता है। वे उन्हें खाने वाले जानवरों में रक्त के थक्के बनने में हस्तक्षेप करके उनकी जान लेने का काम करते हैं। इस स्वादिष्ट चारे को इमारतों के बाहर, छोटे काले बक्सों में रखा जाता है, जिनमें केवल चूहे ही प्रवेश कर सकते हैं। लेकिन जहर कृंतकों के शरीर में बना रहता है, जिससे उनका शिकार करने वाले बड़े जानवरों को खतरा होता है। मेरे सहयोगियों और मैंने हाल ही में दुनिया भर के अध्ययनों की समीक्षा की, जिसमें जंगली स्तनपायी मांसाहारियों के थक्कारोधी कृंतकनाशकों के संपर्क का दस्तावेजीकरण करने की मांग की गई थी। इन अध्ययनों में परीक्षण किए गए कई जानवर पहले ही मर चुके थे; अन्य जीवित थे और अन्य अध्ययनों का हिस्सा थे।

ट्रेंड

## भ्रम पैदा कर रहे राहुल



राहुल गांधी टूलकिट का इस्तेमाल भ्रम पैदा करने और भारत की प्रतिष्ठा को धूमिल करने के लिए कर रहे हैं। पहले उन्होंने एलआईसी को निशाना बनाया और अब वे सेबी को कर रहे हैं। अब भारत आरोपों पर नहीं बल्कि प्रगति पर ध्यान केंद्रित कर रहा है।
-गिरिराज सिंह, केंद्रीय मंत्री

## हिंसा नहीं होनी चाहिए



कोई भी समुदाय चाहे वह बांग्लादेश का अलग नज़रियेवाला बहुसंख्यक हो या हिंदू, सिख, बौद्ध या कोई अन्य धर्म-पंथ-मान्यता मानने वाला अल्पसंख्यक, कोई भी हिंसा का शिकार नहीं होना चाहिए।
-अखिलेश यादव, पूर्व सीएम यूपी

## आशीर्वाद लेना विशेष



भारत के लिए कांस्य पदक जीतने के बाद श्रीमती नीता अंबानी मैडम से मिलना और उनका आशीर्वाद लेना विशेष था। सचमुच अभिभूत हूं। उन्होंने जो प्रेम और स्नेह दिया। वो अद्भुत था।
-मनु भाकर, ओलंपिक पदक विजेता

## विश्वास की पुष्टि



मुंबई-पुणे एक्सप्रेस हाईवे पर एक भोजनालय में लक्ष्मी कुट्टी राघवन, उनकी बेटी और दामाद के साथ मिलकर खुशी हुई। वे 92 वर्ष की हैं। जब ऐसे लोगों से मिलते हैं तो अच्छाई और सकारात्मकता में आपके विश्वास की पुष्टि होती है।
-अनुपम खेर, अभिनेता

अपने विचार
हरिभूमि कार्यालय
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी






- पानी पीने से ग्रामीणों के शरीर में आ रही विकृति
- हाथ-पांव टेढ़े होने और दांतों में पीलापन की शिकायत

- पानी में फ्लोराइड की मात्रा ज्यादा होने से भविष्य में होगा हड्डी रोग
- करोड़ों की लागत से लगाए गए प्लांट एक माह में ही हो गए खराब



## दर्जनों फ्लोराइड रिमूवल प्लांट ठप, 40 गांवों के हर स्कूल में 50-60 बच्चों के दांत हो रहे पीले

खास खबर

शेख हसन खान ▶▶| मैनपुर

पानी में फ्लोराइड की ज्यादा मात्रा से गरियाबंद जिले के दर्जनों ग्रामों में बच्चे डेंटल फ्लोरोसिस का शिकार हो रहे हैं। इसे कंट्रोल करने के लिए 40 गांवों में 6 करोड़ से अधिक की लागत से प्लांट तो लगाए गए लेकिन कुछ महीने में ही कई प्लांट बंद हो गए,अब हाईकोर्ट ने इसे स्वसंज्ञान में लेकर जनहित याचिका मंजूर की है। साथ ही सचिव ▶▶|शेष पेज 2 पर



### कहीं ताला लटका तो किसी का बोर खराब

मगररोड़ा प्राथमिक मिडिल स्कूल की सप्लाई वाले प्लांट में ताला लटका था। अंदर कांटे भर दिए गए थे। धौराकोट,गाड़ाघाट, कुसकोना ,डूमरपीठा, चीचिया,माहुलकोट,मूंगीया के प्लांट से पम्प और अंदरूनी समान कंपनी के लोग निकाल ले गए। कांडपारा, नांगलदेही, पुरनापानी, धूपकोट जैसे 10 से ज्यादा स्कूलों के सोलर प्लेट क्षतिग्रस्त मिले।

## बस्तर के बाकेल में निकल रहा फ्लोराइडयुक्त पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर ब्लाक के बाकेल पंचायत में 2007-08 में सबसे पहले पानी में फ्लोराइड निकलने का मामला प्रकाश में आया था। जिसके उपयोग से दर्जनों ग्रामीणों और स्कूली बच्चे चपेट में आए थे,उस दौरान प्रभावित ग्रामीणों में विकृतियां देखी गई थी। 16 वर्ष बाद फिर इसी पंचायत के कोंगालगुड़ा पारा में दुबारा यह मामला सामने आया है। हालांकि समस्या कुछ दिनों पूर्व की है,लेकिन पंचायत प्रतिनिधि खुलासा करने से बच रहे है। बाकेल के सरपंच भी इस मामले में चुप्पी साध ली है। क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य निर्देश दीवान भी गोलमोल जवाब देकर पल्ला झाड़ रहे हैं। ▶▶|शेष पेज 2 पर

### पीएचई ने चुप्पी साधी

बाकेल के आश्रित ग्राम कोंगालगुड़ा पारा के पेयजल में फ्लोराइड के सवाल पर पीएचई विभाग के एसडीओ श्री जैन ने कहा हमें इसकी जानकारी नही है। संबंधित क्षेत्र के अभियंता बता पाएंगे। भानपुरी के एसडीओ श्री नेताम का मोबाइल नम्बर स्वीच ऑफ था। उपयंत्री से सम्पर्क साधा गया तो उनसे बात नहीं हो पाई।

## खबर संक्षेप

### केजरीवाल की याचिका पर होगी सुनवाई



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट अरविंद केजरीवाल की उस याचिका को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने पर विचार करने पर सहमत हो गया, जिसमें उन्होंने शराब घोटाले में सीबीआई द्वारा उनकी गिरफ्तारी को बरकरार रखने के हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती दी है। अन्य आरोपियों की जमानत याचिकाएं पहले से ही सूचीबद्ध हैं।

### 12 साल के बच्चे ने कर ली खुदकुशी



**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में 12 साल के एक बच्चे ने अपने घर में फांसी के फंदे से लटककर कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। यह घटना रविवार को कल्याण इलाके में हुई और मौके से एक सुसाइड नोट बरामद किया गया है, जिसकी जांच की जा रही है। हालांकि, अधिकारी ने सुसाइड नोट की सामग्री के बारे में नहीं बताया। कल्याण के एक स्कूल में पढ़ने वाले बच्चे ने अपने घर की छत से लटककर कथित तौर पर आत्महत्या कर ली।

## हिंडनबर्ग की रिपोर्ट पर सियासी जंग, चार फीसदी गिरे अदाणी के शेयर

# भाजपा बोली- शेयर बाजार को अस्थिर करने की साजिश, कांग्रेस ने माधवी से मांगा इस्तीफा

*भारत में एक बार फिर बीते साल की तरह ही हिंडनबर्ग पर बहस तेज हो गई है। कांग्रेस की ओर उठाए जा रहे सवालों पर अब केंद्र सरकार की ओर रविशंकर प्रसाद ने जवाब दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि हिंदुस्तान को आर्थिक रूप से कमजोर करने के षड़यंत्र में शामिल है और हिंडनबर्ग के साथ मिलकर काम कर रही है। इधर, कांग्रेस ने सुप्रीम कोर्ट से इस मामले की सीबीआई या एसआईटी से जांच कराने की मांग की है। इस बीच, सोमवार को अदाणी समूह के शेयर में चार फीसदी की गिरावट देखी गई।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

भाजपा ने सोमवार को सेबी की अध्यक्ष के खिलाफ हिंडनबर्ग के आरोपों की संयुक्त संसदीय समिति से जांच कराने की कांग्रेस की मांग को खारिज करते हुए कहा कि यह भारतीय अर्थव्यवस्था को कमजोर करने और देश में निवेश को नष्ट करने के लिए एक ढकोसला है। भाजपा नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में पार्टी के इस रुख को दोहराया कि शॉर्ट सेलिंग कंपनी का आरोप और विपक्ष द्वारा बाजार नियामक की आलोचना एक व्यापक साजिश का हिस्सा है। प्रसाद ने कहा कि 2004 से 2014 के बीच कांग्रेस के 10 साल के शासन में कई कथित घोटाले हुए और तब इस तरह की आलोचनात्मक रिपोर्ट क्यों नहीं लाई गई। उन्होंने आरोप लगाया, कांग्रेस पार्टी का नेतृत्व इस काल्पनिक रिपोर्ट के आधार पर आर्थिक अराजकता पैदा करने में शामिल है।






हिंडनबर्ग के आरोपों को सेबी प्रमुख ने बताया आधारहीन, अदाणी समूह ने भी झुठलाया




**खास बातें**

- भाजपा का आरोप- राहुल झूठ फैला रहे हैं
- कांग्रेस ने कहा-जांच सीबीआई या एसआईटी को सौंपें

### आठ कंपनियों के शेयरों में गिरावट, दो में लाभ

इधर, अदाणी समूह की सूचीबद्ध 10 कंपनियों में से आठ के शेयर सोमवार को गिरावट के साथ बंद हुए। अदाणी विल्मर के शेयर में चार प्रतिशत की गिरावट आई। बीएसई सेंसेक्स पर कारोबार के अंत में अदाणी विल्मर का शेयर 4.14 प्रतिशत, अदाणी टोटल गैस का 3.88 प्रतिशत, अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस का 3.70 प्रतिशत, एनडीटीवी का 3.08 प्रतिशत, अदाणी पोर्ट्स का 2.02 प्रतिशत, अदाणी एंटरप्राइजेज का 1.09 प्रतिशत गिरा।

### कांग्रेस ने सेबी के समझौता करने की जताई आशंका

कांग्रेस ने सेबी की प्रमुख माधवी बुच के खिलाफ हिंडनबर्ग रिसर्च के आरोपों को लेकर उनके इस्तीफे की मांग की। इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट से आग्रह किया कि वह इस मामले की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो या विशेष जांच दल को सौंपे। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने अदाणी मामले में सेबी के समझौता करने की आशंका जताई और जेपीसी का गठन होना चाहिए ताकि वह 'मोदानी महा घोटाले' की पूरी जांच कर सके।

### ग्राहकों की जानकारी साझा करें : हिंडनबर्ग

*अमेरिकी शोध एवं निवेश कंपनी हिंडनबर्ग रिसर्च ने दावा किया कि बाजार नियामक सेबी की चेयरपर्सन माधबी पुरी बुच ने अब सार्वजनिक रूप से बरमूडा-मॉरीशस फंड संरचना में अपने निवेश की पुष्टि की है। हिंडनबर्ग ने कहा कि उन्हें अपने सभी परामर्श ग्राहकों के बारे में स्पष्ट जानकारी देनी चाहिए, जिनके साथ उनकी सिंगापुर और भारतीय परामर्श कंपनियों ने काम किया है। शोध एवं कंपनी ने कहा, बुच के जवाब से अब सार्वजनिक रूप से बरमूडा/मॉरीशस के एक अस्पष्ट कोष में उनके निवेश की पुष्टि हो गई है, साथ ही विनोद अदाणी द्वारा कथित रूप से गबन किया गया पैसा भी। हिंडनबर्ग ने नई रिपोर्ट में कहा था कि सेबी की चेयरपर्सन बुच और उनके पति धबल बुच ने बरमूडा तथा मॉरीशस में अस्पष्ट विदेशी कोषों में अघोषित निवेश किया था।*

फूलवाले से झगड़े के बाद रात 1 बजे मची भगदड़

## जहानाबाद के बाबा सिद्धेश्वर नाथ मंदिर में दबने से 8 की मौत



एजेंसी ▶▶| पटना

बिहार के जहानाबाद में स्थित बाबा सिद्धेश्वर नाथ के मंदिर में अचानक से मची भगदड़ की चपेट में आकर 8 लोगों की मौत हो गई है। मरने वालों में 3 महिलाएं शामिल हैं। जबकि इस हादसे में 35 श्रद्धालु घायल हुए हैं। सावन के चौथे सोमवार के चलते सिद्धेश्वर नाथ मंदिर में दर्शन के लिए भक्तों की भीड़ सोमवार देर रात से ही लगी हुई थी। यह घटना सोमवार को रात करीब 1 बजे घटित हुई। बताया जा रहा है कि फूलवाले के बीच कहा-सुनी हुई। इस दौरान उन्हें तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज किया गया।

**झगड़े के बाद लाठीचार्ज हुआ और लोग भागने लगे**

### पुलिस प्रशासन की लापरवाही

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि मंदिर के पास फूल बेचने वाले एक माली से झगड़ा हुआ था। जिसके बाद लाठीचार्ज किया गया और भगदड़ हो गई। प्रत्यक्षदर्शी की मानें तो मौके पर प्रशासन की टीम नहीं थी। पुलिस प्रशासन की लापरवाही से यह घटना घटी है।

नियुक्ति आदेश जारी

## प्रसाद और बीडी गुरु हाईकोर्ट के नए जज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर



सुप्रीम कोर्ट के कॉलेजियम की मंजूरी के बाद केंद्र सरकार ने छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में दो नए जज की नियुक्ति का आदेश जारी कर दिया है। बार कोटे से एडवोकेट एके प्रसाद और एडवोकेट बीडी गुरु हाईकोर्ट के एडिशनल जज बनाए गए हैं। इसके साथ ही अब हाईकोर्ट में जजों की संख्या 17 पहुंच गई है। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के ▶▶|शेष पेज 2 पर

### जारी किया नोटिफिकेशन

सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस ने जजों की नियुक्ति के प्रस्ताव को राष्ट्रपति ने भी हरी झंडी दे दी, जिसके बाद केंद्र सरकार ने इसके लिए नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। हाईकोर्ट में इनकी नियुक्ति एडिशनल जज के रूप में की गई है।

### अब 17 पहुंची न्यायाधीशों की संख्या

ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में जजों के 22 पद स्वीकृत हैं, लेकिन अब तक जजों की संख्या 20 भी नहीं पहुंची है। चार साल पहले यहां जजों की कुल संख्या 16 तक पहुंच पाई थी। दो नए जजों की नियुक्ति के बाद अब हाईकोर्ट में जजों की संख्या 17 हो गई है।

एनआईआरएफ रैंकिंग जारी

## देश के सर्वश्रेष्ठ इंजीनियरिंग कॉलेजों में 'आईआईटी मद्रास' छठी बार टॉप पर




एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने सोमवार को बहुप्रतीक्षित नेशनल इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआईआरएफ) के 9वें संस्करण की घोषणा कर दी है। हर बार की तरह इस साल भी आईआईटी मद्रास ने ओवरऑल कैटेगिरी में टॉप पोजिशन हासिल की है। यह लगातार छठी बार है। दूसरा स्थान इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस बेंगलुरु को मिला है। वहीं, देश के शीर्ष प्रबंधन संस्थानों में इंदौर ने टॉप 10 में आठवें स्थान पर जगह बनाई है।

**इंजीनियरिंग श्रेणी में शीर्ष संस्थान**

आईआईटी मद्रास
आईआईटी दिल्ली
आईआईटी बॉम्बे
आईआईटी कानपुर
आईआईटी खड़गपुर
आईआईटी रुड़की
आईआईटी गुवाहाटी
आईआईटी हैदराबाद
एनआईटी तिरुचिरापल्ली
आईआईटी-बीएचयू वाराणसी

**शीर्ष प्रबंधन संस्थान**

आईआईएम अहमदाबाद
आईआईएम बैंगलोर
आईआईएम कोझिकोड
आईआईटी दिल्ली
आईआईएम कलकत्ता
आईआईएम मुंबई
आईआईएम लखनऊ
आईआईएम इंदौर
एक्सएलआरआई, जमशेदपुर
आईआईटी बॉम्बे

सिंगरौली से ओडिशा जा रहा था परिवार

## ट्रक ने कार को मारी टक्कर पति-पत्नी और बेटे की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सीतापुर



सोमवार की शाम एनएच 43 पर बलमाया के समीप कार व ट्रक के बीच हुई भिड़ंत में एक महिला समेत तीन लोगों की मौत हो गई। घटना के बाद ट्रक चालक कार को लगभग एक किलोमीटर तक घसीटते हुए ले गया। कार ट्रक में बुरी तरह से फंसकर क्षतिग्रस्त हो गई। इस घटना में कार सवार पति पत्नी और पुत्र की मौत हो गई। घटना के बाद चालक वाहन को खड़ा कर फरार हो गया। घटना की जानकारी मिलने ▶▶|शेष पेज 2 पर

## कोंटा थानेदार की भूमिका की जांच के लिए एसपी ने एसडीओपी को दिया जिम्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर/कोंटा

हरिभूमि फॉलोअप



बस्तर के पत्रकारों को गांजा तस्करी के मामले में गिरफ्तार करने के बाद छग समेत पड़ोसी राज्यों के पत्रकारों में आक्रोश देखा जा रहा है। एक वीडियो वायरल हो रहा है इस वीडियो में पत्रकारों की कार के पास कुछ संदेही नजर आ रहे हैं। संदेही कार का डोर हैंडल खोलते नजर आ रहे है। पुलिस इस ▶▶|शेष पेज 2 पर

### पत्रकार बप्पी राय का पोस्ट हो रहा है खूब वायरल

गिरफ्तारी के पहले पत्रकार बप्पी राय ने सोशल मीडिया में एक पोस्ट किया था। इस पोस्ट में उन्होंने रेत परिवहन के लिए जारी टीपी को टैग करते हुए लिखा कि छग राज्य के लिए ही परिवहन किया जा सकता है, टीआई का ▶▶|शेष पेज 2 पर

### लॉज में सीसीटीवी के फुटेज गायब

पुलिस की संलिप्ता पर इसलिए सवाल खड़े हो रहे है जिस लॉज में बप्पी राय और उनके साथी रुके थे वहां से सीसीटीवी फुटेज गायब है। जिस हार्ड डिस्क को आंध्र पुलिस को दिया गया है वही करप्ट है। पुलिस एक ▶▶|शेष पेज 2 पर




## जैकेट के शेष

### मां तुझे सलाम...

परिवार को गर्व की अनुभूति करा रही है। केसीजी जिले के पीडब्ल्यूडी विभाग में कार्यरत राजकुमार गोसाई की पत्नी श्रीमती मुन्नी गोसाई को दो दिन पूर्व ब्रेन हेमरेज हुआ और वह अचानक बेहोश हो गई थी। इसके बाद उन्हें स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, लेकिन वहां से उन्हें रायपुर रिफर कर दिया गया। उनके परिजनों ने उनके उपचार के लिए उन्हें रामकृष्ण केयर अस्पताल में भर्ती कराया और आज चिकित्सकों ने श्रीमती मुन्नी गोसाई को ब्रेनडेड घोषित कर दिया। इसके बाद उनके पति और पुत्रों ने उनके अंगदान कर दूसरों को जीवनदान देने का निर्णय लिया, क्योंकि श्रीमती मुन्नी गोसाई अक्सर कहा करती थी कि मरने के बाद भी अगर किसी का भला कर सको तो ऐसी जिंदगी जीना चाहिए।

### कोलकाता की 'निर्भया' से...

सोमवार को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने वादा किया कि अगर पुलिस रविवार तक इस मामले को सुलझाने में विफल रहती है तो मामला सीबीआई को सौंप दिया जाएगा।

### ई-ऑक्शन प्रणाली से...

लागत से तैयार किए गए अत्याधुनिक ऑडिटोरियम 'दण्डकारण्य' का भी शुभारंभ हुआ। ई-ऑक्शन प्रणाली से वन विभाग के विभिन्न काष्ठागारों में काष्ठ के नीलामी में प्रतिस्पर्धा एवं पारदर्शिता आएगी। ई-ऑक्शन की प्रक्रिया में ईओआई के माध्यम से एमएसटीसी के द्वारा ई-ऑक्शन कार्य किया जा सकेगा। काष्ठागार की काष्ठ नीलामी ई-ऑक्शन के माध्यम से कराये जाने से शासन एवं बोलीदाता के लिए भुगतान की प्रक्रिया त्वरित एवं पारदर्शी हो जाएगी। इससे राज्य शासन के राजस्व की वृद्धि होगी। कार्यक्रम में वन मंत्री केदार कश्यप, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक गुरु खुशवंत साहेब, विधायक गजेन्द्र यादव और केंद्रीय वन महानिदेशक एवं भारत सरकार के विशेष सचिव जितेन्द्र कुमार भी शामिल हुए।

### दो करोड़ की लागत...

प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए इसकी आवश्यकता थी। इसके शुभारंभ हो जाने से वन विभाग द्वारा अब मुख्यालय स्तर पर आयोजित किए जाने वाले विभिन्न कार्यक्रम एक 'स्टेट ऑफ आर्ट सभागार' में किए जा सकेंगे। कार्यक्रम में प्रधान वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख श्री व्ही. श्रीनिवास राव, मुख्य वन संरक्षक श्री सुधीर कुमार अग्रवाल सहित वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

### अंतागढ़ टेपकांड खत्म,...

गया था। आरोप के कारण सामाजिक स्तर पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ा। उन्होंने कहा, मामले में भाजपा शीर्ष नेतृत्व से भी बात करूंगा, भाजपा ने इसे इश्यू बनाया था।

श्री पवार ने कहा कि अंतागढ़ उपचुनाव में मैंने कांग्रेस से टिकट की मांग नहीं की थी, फिर भी मुझे टिकट दिया गया। तत्कालीन प्रदेश अध्यक्ष भूपेश बघेल और राजेश तिवारी को भी मैंने मना किया था। कांग्रेस में गुटबाजी के कारण 3 चुनाव हार चुका हूं। मुझे जबरदस्ती टिकट दिया गया था। मैंने उन सभी लोगों को बताकर नामांकन वापस लिया था। उन्होंने क्लीन चिट मिलने पर कहा कि इसने पिछले 10 साल से मुझ पर लगे आरोप को गलत साबित किया है। अब यह राजनीति की दिशा तय करेगी। राजनीतिक क्षति को पूरा करने का प्रयास अब आगे करूंगा। उन्होंने कहा, आरोप लगाने वालों को इसका करारा जवाब मिला है। उन्होंने कहा कि आरोप लगाने वाले अब साबित करें। उन्होंने कहा कांग्रेस सरकार आने पर मामले में किरणमयी नायक ने पंडरी थाने में मेरे खिलाफ एफआईआर कराई थी।

**कांग्रेस सत्ता में आई तो एसआईटी गठित की गई :** 2019 में जब कांग्रेस सत्ता में आती है, तब कांग्रेस की किरणमयी नायक द्वारा मंतूराम के खिलाफ चुनाव में पैसे लेकर नाम वापस लेने का आरोप लगाते हुए रायपुर के पंडरी थाना में मंतूराम के खिलाफ मामला दर्ज करवाया जाता है। इसके बाद इस मामले में एसआईटी जांच के आदेश भी दिए गए थे। लगभग 5 साल की जांच के बाद अब मंतूराम को न्यायालय द्वारा अंतागढ़ टेपकांड मामले में क्लीनचिट दी गई।

### गीदड़ भभकी से डरने...

जब हाईकोर्ट से क्लीन चिट मिली है, तो वे गीदड़ भभकी दे रहे है, हम उससे डरने वाले नहीं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार आने के बाद उन्हें प्रकरण में क्लीन चिट मिली है। उन्होंने कहा, ऐसे में कोर्ट से बरी होने वाला हर अभियुक्त पुलिस के खिलाफ मानहानि का दावा करेगा।

### पुलिस बोली, न साक्ष्य...

को है। कोर्ट में रिपोर्ट दाखिल करने के पूर्व में अप्रैल में ही क्लोजर रिपोर्ट का खाका तैयार कर लिया था। गौरतलब है कि वर्ष 2014 में अंतागढ़ विधानसभा उप चुनाव में ऐन वक्त पर कांग्रेस प्रत्याशी ने मंतूराम पवार ने नाम वापस ले लिया था। इसके कारण भारतीय जनता पार्टी का प्रत्याशी उपचुनाव आसानी से जीत गया था। चुनाव के एक वर्ष बाद एक ऑडियो टेप वायरल हुआ। वायरल ऑडियो टेप में प्रत्याशी के नाम वापसी के पीछे खरीद फरोख्त होना बताया गया। तब इस मामले में कांग्रेस ने एफआईआर दर्ज कराने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने एफआईआर दर्ज करने से इनकार कर दिया।

**सत्ता में आने के बाद कांग्रेस ने रिपोर्ट दर्ज कराई :** वर्ष 2019 के विधानसभा चुनाव में अंतागढ़ टेपकांड को कांग्रेस ने बड़ा चुनावी मुद्दा बनाया था। सत्ता में आने के बाद डॉ. किरणमयी नायक की शिकायत पर पंडरी पुलिस ने तीन फरवरी 2019 को मंतूराम पवार, पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी, उनके बेटे अमित जोगी, राज्य के पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेश मूणत, डॉ. पुनीत गुप्ता के खिलाफ पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच की। तत्कालीन राज्य सरकार के निर्देश पर पुलिस ने एसआईटी का गठन भी किया था।

### भूपेश, सिंहदेव, दीपक ने...

दिल्ली के हिमाचल भवन में दोपहर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव सहित अन्य बड़े नेता दिल्ली पहुंचे। यहां पर उनसे चर्चा कर अब तक बनी रिपोर्ट के बारे में जानकारी के बाद वन-टू-वन चर्चा कर उनसे हार के कारणों के बारे में जानकारी ली गई। बताया गया है कि सभी नेताओं को अलग-अलग बात की गई। कमेटी के सामने सबने अपने पक्ष रखे। नेताओं से संगठन को आगे कैसे मजबूत किया जाए, इस पर उनका पक्ष जाना गया। कमेटी की ओर से कमेटी के अध्यक्ष वीरप्पा मोइली और सदस्य हरिश चौधरी मौजूद थे। बताया गया है कि कल कांग्रेस के महासचिव और वरिष्ठ नेताओं की एक और बैठक रखी गई है। बैठक में संगठन में फेरबदल और महाराष्ट के आगामी विधानसभा चुनाव पर चर्चा होगी। माना जा रहा है कि इस बैठक में अन्य राज्यों के साथ छत्तीसगढ़ की फैक्ट फाइंडिंग कमेटी अपनी रिपोर्ट सौंपेगी।

**चुनाव क्यों हारे इस पर चर्चाः सिंहदेव :** फैक्ट फाइंडिंग कमेटी की बैठक के बाद पूर्व मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने कहा, चुनाव में क्यों हारे इसके साथ ही आगे रणनीति पर भी चर्चा हुई। कार्यकर्ताओं से पहले चर्चा हुई, अब यहां बड़े नेताओं से चर्चा हुई है।

### आज कांग्रेस पार्टी की...

पहले ही भारी हार के बाद भंग कर दी गई है। उसका नये सिरे से गठन होना है। क्या ओडिशा फार्मूला ही छत्तीसगढ़ समेत अन्य राज्यों के लिए भी इस्तेमाल किया जाए, जहां संगठन लगभग शून्य की स्थिति में है। विधानसभा और लोकसभा में करारी शिकस्त मिली है।

**हरियाणा और महाराष्ट्र से उम्मीद :** इस साल के आखिर तक हरियाणा, महाराष्ट्र, झारखंड और बिहार में चुनाव होने वाले हैं। बिहार विधानसभा चुनाव अगले साल की शुरुआत में होंगे। इसके लिए भी अभी से ही तैयारी की जा रही है। हरियाणा और महाराष्ट्र ऐसे राज्य हैं, जहां पर इस बार कांग्रेस अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद कर रही है। लोकसभा चुनाव के नतीजे में कांग्रेस पार्टी बेहतर स्थिति में उभरी है।

**अभी किस राज्य में किसकी सरकार? :** चुनावी चार राज्यों में से तीन राज्यों में भाजपा या उनके सहयोगियों की सरकार है। हरियाणा में लगातार दो बार भाजपा ने भारी जीत हासिल कर सरकार बनायी। मनोहर लाल की जगह नायब सैनी को सीएम बनाकर भाजपा ने नई बिसात बिछायी है। भाजपा जहां लगातार तीसरी बार सरकार बनाने के लिए मैदान में होगी तो खेमेबाजी में बंटी कांग्रेस पार्टी के लिए नेताओं को एकजुट रखने की बडी चुनौती है। कुमारी सैलजा, रणदीप सुरजेवाला और हुडडा कैंप में रस्साकशी लंबे समय से चल रही है। महाराष्ट्र में भाजपा, शिवसेना (शिंदे गुट) और एनसीपी (अजित गुट) की सरकार है। इनमें से अजित गुट को लेकर गठबंधन में सामान्य स्थिति नहीं है। इसीलिए अजित पवार शिंदे सरकार में शामिल होते हुए अलग से चुनाव लडने की रणनीति पर काम कर रहे हैं। बिहार में भाजपा, जदयू और सहयोगियों की सरकार है। यहां राजग गठबंधन मजबूत है तो इंडिया गठबंधन भी उतना ही मजबूत है। विस चुनाव में टक्कर जमकर होगी। झारखंड ही एकमात्र ऐसा राज्य है, जहां कांग्रेस झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) के साथ सत्ता में है। भाजपा को उम्मीद है कि वह इस बार यहां भी अपनी सरकार बना लेगी। इसे जीत में इंडिया गठबंधन कैसे बदले, इस पर भी आज की बैठक में चर्चा होनी है।

**कांग्रेस क्यों आत्मविश्वास से भरी हुई? :** कांग्रेस इस वक्त विधानसभा चुनाव को लेकर आत्मविश्वास से भरी हुई है. पार्टी नेता सोनिया गांधी ने हाल ही में एक बैठक के दौरान कहा था कि भले ही जनता का समर्थन हमारी ओर दिख रहा है, लेकिन हमें आत्मविश्वासी नहीं होना है, बल्कि जमीनी स्तर पर काम करना है. दरअसल, लोकसभा में मिले नतीजों के बाद कांग्रेस आत्मविश्वास से भरी हुई है. हरियाणा में पार्टी को 10 में से पांच सीटों पर जीत मिली है. महाराष्ट्र में पार्टी सबसे ज्यादा सीटें वाला दल रही है. बिहार में भी उसका प्रदर्शन अच्छा रहा है.

### फिर नहीं पहुंचे...

सीएमएचओ और जिला शिक्षा अधिकारी नहीं पहुंच सके। अब बैठक के लिए नई तिथि जारी करने की बात कही जा रही है। हालांकि संयुक्त कलेक्टर मेनका प्रधान की ओर से कहा गया कि मामले को गंभीरता से लिया जा रहा है और अगली तिथि में बैठक नहीं हो सकी तो राज्य मेडिकल बोर्ड से सीधे संपर्क करते हुए श्रवण बाधित जांच कराई जाएगी।

### 2016 और 2018 में...

जिले से बनाए गए है। छत्तीसगढ़ दिव्यांग सेवा संघ के मुताबिक अधिकांश प्रमाण पत्रों में बिलासपुर और मुंगेली में पदस्थ दो डाक्टरों के हस्ताक्षर से जारी हुए हैं।

### मशीन चालू लेकिन...

गया है, मशीन चालू हालत में है लेकिन टेस्टिंग के दौरान इसके रिपोर्ट गलत आ रही है। डाक्टरों के अनुसार रिपोर्ट में आर्टिफेक्स आ रहे हैं, जिसके चलते मशीन के द्वारा की गई जांच प्रमाणित नहीं मानी जा सकती है। खास बात यह है कि सिम्स में वहीं प्रकरण सर्टिफिकेट की जांच कराने हितग्राही पहुंचते है जिन्हें अन्य विभाग ने आपत्ति दर्ज कराई हो।

### कलेक्टर के आदेश...

बोर्ड से कराने का आदेश जारी किया था लेकिन कह दिया गया कि मशीन खराब है। इसमें भी मिलीभगत के आरोप लग रहे हैं। साफ है कलेक्टर के आदेश को भी कुछ स्वास्थ्य और शिक्षा विभाग के अधिकारी ठेंगा दिखा रहे हैं।

## पेज एक के शेष

### दर्जनों फ्लोराइड रिमूवल...

स्वास्थ्य एवं समाज कल्याण विभाग को दो सप्ताह में व्यक्तिगत शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया है। जानकारी के मुताबिक गरियाबंद जिले के देवभोग विकासखंड प्रभावित गांवो में हर साल दर्जनों स्कूली विद्यार्थियों को डेंटल फ्लोरोसिस होता है। फिलहाल, इन गांवों में 50 से 60 बच्चे डेंटल फ्लोरोसिसि से ग्रसित मिल रहे हैं। वहीं देवभोग ब्लॉक के गांवों में कुल पीड़ितों की संख्या हजार से भी ज्यादा बताई गई है।

**प्रभावित हर स्कूल में 50 से 60 बच्चे के दांत पीले :** सालभर पहले पीएचई विभाग ने प्रभावित गांव के 51 सोर्स की जांच की थी। स्कूल सप्लाई सोर्स के अलावा इन गांव के सभी सोर्स का सैंपल लिया गया। पड़ताल में पता चला की हेवी फ्लोराइड वाले ग्राम नांगलदेही, पीठापारा, दरलीपारा, गोहरापदर, झाखरपारा, घूमगुड़ा, धुपकोट, मोखागुड़ा, निष्टिगुड़ा, सुकलीभाठ, मूरगुड़ा, खम्हारगुड़ा, माहुकोट, पूरनापानी, बरबहली, बाड़ी गांव,कर्चिया, धौराकोट, मूड़ागाव, मगररोडा जैसे प्रत्येक गांव में 50 से 60 बच्चे डेंटल फ्लोरोसिस से ग्रसित मिले। सभी की उम्र 6 से 10 साल की है।

### बस्तर के बाकेल में निकल रहा...

श्री दीवान से हरिभूमि ने जानकारी चाही तो उन्होंने कहा किa वर्तमान में ऐसे किसी मामले की जानकारी नही है। उन्हें बताया गया कि उच्च न्यायालय ने इस मामले को संज्ञान में लेकर छत्तीसगढ़ सरकार को आदेशित किया है कि प्रदेश में वर्तमान स्थिति में किन-किन क्षेत्रों में फ्लोराइड की समस्या पाई गई और इसके रोकथाम के क्या उपाय किए गए हैं, कितने लोग प्रभावित हैं। जिला पंचायत सदस्य ने सम्बधित गांव में संपर्क साधा तो उन्हें बताया गया कि बाकेल पंचायत के अंतर्गत आश्रित गांव कोंगालगुड़ा पारा में फ्लोराइडयुक्त पानी की आपूर्ति पाइप लाइन के जरिये हो रही है। बाकेल से कोंगालगुड़ा तक लगभग 2 किमी तक पाइप लाइन का विस्तार है। हालांकि जो पानी बाकेल तक पहुंच रहा है,वही पानी इलाके के 80 गांव में पहुंचाई जा रही है।

### प्रसाद और बीडी गुरु...

चीफ जस्टिस रमेश कुमार सिन्हा ने बार कोटे से अधिवक्ताओं के नाम जज की नियुक्ति के लिए भेजे थे।

### ट्रक ने कार को मारी टक्कर...

के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा कड़ी मशक्कत के बाद शवों को बाहर निकाला गया और मर्च्युरी में रखवाया गया है। मृतकों की पहचान कर ली गई। मृतक मूलतः सिंगरौली के रहने वाले है और ओडिसा के सुंदरगढ़ जा रहे थे।

### कोंटा थानेदार की भूमिका...

वीडियो के माध्यम से पड़ताल करे तो दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा। चिंतुर पुलिस ने एफआईआर में 15 किलो गांजा की बरामदगी कर दो आरोपी को फरार बताया है। चारों पत्रकार को सोमवार को आंध्रप्रदेश के राजमेन्द्री न्यायालय में पेश करने के बाद राजमेन्द्री सेंण्ट्रल जेल भेज दिया गया है। एसपी सुकमा किरण गंगाराम चव्हाण ने टीआई कोंटा अजय सोनकर की भूमिका की जांच के लिए सुकमा के एसडीओपी परेश्वर तिलकवार को जांच अधिकारी नियुक्त किया है। उन्होंने शीघ्र जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा है।

### पत्रकार बप्पी राय का...

कहना है कैसे रोक सकते हो तो उनका कहना है जेल में डाल दो हैदराबाद जा रहा है... सीएम तक जाएगी बात गलत फहमी में मत रहिए। इन शब्दों को लिखने के साथ टीपी और रेत लदे ट्रक की फोटो भी पोस्ट की गई थी। इसी पोस्ट के कुछ घंटों बाद पत्रकार बप्पी राय और उनके साथी नाश्ता करने चिंतुर की ओर निकले थे। इसी बीच चिंतुर पुलिस ने कार को रोका और कुछ घंटे बाद मादक पदार्थ के साथ गिरफ्तार करना दिखाया गया।

### लॉज में सीसीटीवी...

सीसीटीवी के फुटेज में रात को लॉज में सर्च करते नजर आ रही है। यह वीडियो वायरल है लेकिन कार में गांजा रखने वालों का वीडियो नही है। कहा जा रहा है हार्ड डिस्क करप्ट हो गई। बड़ा सवाल है और सब कैप्चर हुआ है लेकिन उस दौरान का वीडियो लॉज प्रबंधन के पास नही है। न ही पुलिस ने इस वीडियो को रिकबर करवाने का प्रयास किया है। बहरहाल छग समेत पड़ोसी राज्यों के पत्रकारों ने पूरे मामले में निष्पक्ष जांच की मांग की है।

## राशिफल

**मेष** — किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं।। बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। भाई-बहनों के सहयोग से कारोबार का विस्तार होगा।

**वृष** — शैक्षिक कार्यों में सुधार होगा। कारोबार में वृद्धि होगी। धन की प्राप्ति होगी। धैर्यशीलता बढ़ाने का प्रयास करें। भौतिक सुखों में वृद्धि होगी।

**मिथुन** — शैक्षिक कार्यों में कठिनाइयां आ सकती हैं। सचेत रहें। नौकरी में यात्रा पर जाना पड़ सकता है। धन की प्राप्ति भी होगी। आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे।

**कर्क** — शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। कारोबार का विस्तार होगा। अचानक धन लाभ के अवसर मिल सकते हैं।

**सिंह** — परिश्रम अधिक रहेगा। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी। मन में शान्ति एवं प्रसन्नता के भाव रहेंगे। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**कन्या** — शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। बौद्धिक कार्यों से आय के साधन भी बन सकते हैं। सेहत का ध्यान रखें। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे।

**तुला** — नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। वाणी में सौम्यता रहेगी। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं।

**वृश्चिक** — पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे, परन्तु आत्मसंयत रहें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से धन प्राप्ति के योग बन रहे हैं।

**धनु** — आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ेगी। लंबे समय से रुके हुए कार्य बनेंगे।

**मकर** — लाभ में वृद्धि होगी। भागदौड़ अधिक रहेगी। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में अफसरों से व्यवहार ठीक रखें।

**कुंभ** — तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। परिवार के साथ यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। अनियोजित खर्च बढ़ेंगे। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है।

**मीन** — दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। मीठे खानपान में रुचि बढ़ सकती है।


**:: आम सूचना ::**

सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा, भागवत पिता दुकालु यादव, सावित्री पिता सुकालु यादव, कौशिल्या पिता दुकालु यादव, बिसंतीन पति सुकालु यादव, समारी पिता दुकालु यादव, ढालू राम पिता विष्णु यादव, रामनाथ पिता सुकालु यादव, दुर्गेश पिता विष्णु यादव, सालिक राम पिता सुकालु यादव, बिसंबर पिता विष्णु यादव, पुष्पा पिता सुकालु यादव, जगोतीन पति विष्णु यादव, रामनिवास पिता सुकालु सभी निवासी स्टेशन पारा धमतरी में स्थित है जिसका खसरा नंबर 285 एवं 295/1 रकबा क्रमशः 0.287 हे. एवं 0.930 हे. है जिसकी चतुरसीमा उत्तर दिशा में जगदीश की भूमि, दक्षिण दिशा में आशीबाई की भूमि, पूर्व दिशा में प्रहलाद वगैरह की भूमि, पश्चिम दिशा में खसरा नंबर 281 इसी प्रकार खसरा नंबर 295/1 की चतुरसीमा उत्तर दिशा में खसरा नंबर 283 एवं 284, दक्षिण दिशा में 304/4 एवं पूर्व दिशा में घुनारू, पश्चिम दिशा में 282/1 एवं शासकीय 295/2 उक्त कृषि भूमि वनमंडल धमतरी के बाऊंड्रीवाल घेरा के अंतर्गत स्थित है को क्रय करने की पक्की बातचीत कर ली गई है तथा मेरे पक्षकार के पक्ष में बिक्री इकरारनामा लिख कर ब्याना राशि प्राप्त कर ली गई है मात्र पंजीयन कराया जाना शेष है।

अतः इस सौदे के संबंध में किसी भी व्यक्ति, फर्म, संस्था, शासकीय/अर्द्धशासकीय विभाग को कोई भी दावा आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 15 दिन के भीतर अपनी विधिवत आपत्ति मेरे समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं, इसके पश्चात मेरे पक्षकार संपत्ति का पंजीयन अपने पक्ष में करा लेवेगा तथा कोई भी दावा आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**श्रीमती रूखमणी सेन अधिवक्ता**
**तहसील कार्यालय धमतरी छ.ग.**
**मो.नं.-62614 86265**

**नाम परिवर्तन शपथ पत्र**

मैं नमिश दुल्हानी पिता श्री नवीन कुमार दुल्हानी उम्र 19 वर्ष निवासी हाउस नंबर 35ए नयापारा मोतीलाल नेहरू वार्ड दाउ मिल घेरा, जगदलपुर जिला बस्तर छ.ग. शपथ पूर्वक निम्न कथन व्यक्त करता हूँ -

1. यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है।
2. यह कि मेरा पासपोर्ट नंबर M8025416 है।
3. यह कि उक्त पासपोर्ट में मेरे पिता का नाम नवीन दुल्हानी (Naveen Dulhani) अंकित है।
4. यह कि मेरे पिता के आधार कार्ड एवं अन्य दस्तावेजों में नाम नवीन कुमार दुल्हानी (Naveen Kumar Dulhani) अंकित है।
5. यह कि नवीन दुल्हानी (Naveen Dulhani) एवं नवीन कुमार दुल्हानी (Naveen Kumar Dulhani) दोनों नाम एक ही व्यक्ति का है अर्थात मेरे पिता का ही नाम है।
6. यह कि मेरे पासपोर्ट में मेरे पिता का नाम नवीन दुल्हानी (Naveen Dulhani) के स्थान पर नवीन कुमार दुल्हानी (Naveen Kumar Dulhani) दर्ज करवाना चाहता हूँ। जिसके समर्थन में यह शपथ पत्र प्रस्तुत कर रहा हूँ।

**शपथकर्ता**

**सत्यापनः-**

मैं नमिश दुल्हानी पिता श्री नवीन कुमार दुल्हानी उम्र 19 वर्ष निवासी हाउस नंबर 35ए नयापारा मोतीलाल नेहरू वार्ड दाउ मिल घेरा, जगदलपुर जिला बस्तर छ.ग सत्यनिष्ठा पूर्वक घोषणा करता हूँ कि उपरोक्त शपथ पत्र की कंडिका क्रमांक 01 से 06 तक में दी गई समस्त जानकारी मेरे ज्ञान से सत्य एवं सही है आज दिनांक 07/08/2024 को स्थान जगदलपुर में अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित किया।

**शपथकर्ता**

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार धरसीवा 04**
**मामले की श्रेणीः राजस्व**

**संदर्भ** :- जिला- **रायपुर** तहसील- **धरसीवा** प.ह.न. - **00022 गिरौद** ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक-. **RD20232440719400042**

**ईश्तहार**

तहसील धरसीवा के प.ह.न. 00022 के अंतर्गत ग्राम **गिरौद** के वर्तमान भूमिस्वामी **छबिराम पिता/पति - पिता पुरन ढीमर पता-सा टेकारी** के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक **700/2(0.1940), 701/2 (0.1170)** में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता **डॉ. सुनील खेमका पिता/पति - स्व. हरिकिशन खेमका पता - देवेन्द्र नगर रायपुर** के नाम पर पंजीयन/फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरुस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक **04/09/2024** को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय **न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार धरसीवा 04** पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 12/08/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर

**तहसीलदार :**
**Jayendra singh**
**उप तहसील धरसींवा**

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार धरसीवा 04**
**मामले की श्रेणीः राजस्व**

**संदर्भ** :- जिला- **रायपुर** तहसील- **धरसीवा** प.ह.न. - **00022 गिरौद** ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक-. **RD20232440719400043**

**ईश्तहार**

तहसील **धरसीवा** के प.ह.न. **00022** के अंतर्गत ग्राम **गिरौद** के वर्तमान भूमिस्वामी **यु.एल.एम. एजुकेशन सोसाईटी द्वारा चेयरमेन श्री अनिल कुमार मंगल पिता/पति- स्व श्री उधालाल मंगल पता - एस के प्लाजा मौदहापारा रायपुर** के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक **705/12(0.4050)** में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता **हरि शांति इंटरनेशनल द्वारा सुनील खेमका पिता/पति हरि किशन खेमका पता- देवेन्द्र नगर रायपुर** के नाम पर पंजीयन/फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक **26/08/2024** को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय **न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार धरसीवा 04** पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 12/08/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर

**तहसीलदार :**
**Jayendra singh**
**उप तहसील धरसींवा**

**न्यायालय कलेक्टर, दुर्ग जिला-दुर्ग (छत्तीसगढ़)**
**व्यक्तिगत उपस्थिति समन**

**रा.प्र.क. 44/ब-121/वर्ष 2023-24**

प्राधिकृत अधिकारी, आई.आई.एफ.एल फायनेंस लिमि. शाखा- पहली मंजिल लाल गंगा सिटी मार्ट बंजारी चौक टपो0होटल अमित रेसिडेंसी रायपुर, तहसील व जिला रायपुर(छ.ग.) ...............वादी

प्रेषिती **1. श्री स्वदेश छिरेल** पिता श्री राम नारायण, छिरेल, **2.** मेसर्स न्यु धन्नू धगाल एण्ड लाईट प्रो0 श्री स्वदेश छिरेल, **3.** श्रीमति प्रियंका छिरेल पति श्री स्वदेश छिरेल, **4.** श्रीमति रक्षा छिरेल पिता श्री प्रेम शंकर, **5.** श्री रिकेश छिरेल, सभी निवासी - म0न0 - 100 अम्बेडकर नगर कैम्प - 1 वार्ड नं0 21 सुपेला भिलाई तहसील व जिला दुर्ग(छ.ग.) ............अनावेदकगण

उपरोक्त वादी द्वारा इस न्यायालय में वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूतिहित प्रर्वतन अधिनियम, 2002 की धारा 14 के अन्तर्गत अनावेदक द्वारा आवेदक बैंक से व्यवसाय ऋण की सुरक्षा हेतु बैंक के पक्ष में रखी गई बंधक संपत्ति- मौजा ग्राम कुरूद कैलाश नगर दुर्ग प0ह0न0 14/19 ख0नं0 1603/125 (खसरा का भाग 1603/51) क्षेत्रफल 1324 वर्गफीट तहसील व जिला दुर्ग मे स्थित है, को बकाया राशि की अदायगी नही करने के कारण रिक्त भौतिक आधिपत्य में प्राप्त करने हेतु प्रस्तुत आवेदन पत्र पर प्रकरण संस्थित कर प्राकृतिक न्याय सिद्धांत के अन्तर्गत अनावेदक को इस न्यायलय द्वारा समक्ष सुनवाई किये जाने हेतु सूचना पत्र जारी कर आहूत किया गया था। जारी सूचना पत्र वापस अप्राप्त है।

चूंकि अनावेदक को प्रकरण में समक्ष सुनवाई का युक्तियुक्त अवसर प्रदान किया जाना है। अतएव इस समन के जरिये अनावेदक को आदेश दिया जाता है कि आप इस मामले की आगामी पेशी दिनांक **23/09/2024** को कलेक्टर, दुर्ग के न्यायालय में व्यक्तिगत रूप से अनिवार्यतः उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें। यदि आप निर्धारित सुनवाई तिथि को अनुपस्थित पाये गये तो मामले की सुनवाई आपकी गैरहाजिरी में की जाकर आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

(कले0महो0द्वारा आदेशित)

डिप्टी कलेक्टर,
डिप्टी कलेक्टर, दुर्ग
07/08/2024

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायगढ़ (छ.ग.)**

क्रमांक 1291/लो.क.वि/न.पा.नि./2024 — रायगढ़, दिनाँक 12/8/24

**ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा आमंत्रण सूचना**

नगर पालिक निगम, रायगढ़ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | सि.नि. क्र. | कार्य का विवरण | अनु. लागत राशि रू. (लाख में) | निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 157404 | CONSTRUCTION OF CC ROAD FROM RAMCHARAN HOUSE TO ANIL HOUSE, PARIMAKHAR ROAD(ODIYAPARA TO KOLIHAMUDA NALA) AND CONSTRUCTION OF RCC DRAIN NEAR TURKUMUDA CHANDAN HOUSE AT WARD NO. 41 | 20.55 | 02.09.2024 |
| 2 | 157405 | CONSTRUCTION OF CC ROAD FROM KOMAL TANDON HOUSE TO MANOJ SINHA HOUSE, PRADEEP MISHRA HOUSE TO KANCHAN DAS MAHAPATRA HOUSE, SHIV MANDIR TO MUKHYA NALA PUL AND CONSTRUCTION OF RCC DRAIN FROM LAL PATEL HOUSE TO SANTOSH RAO HOUSE, VALMIKI THAKUR HOUSE TO BHAGAU KURMI HOUSE, SHIVCHARAN SANDILYA HOUSE TO MAIN NALA, SUDESH VERMA HOUSE TO BABLU CHOUHAN HOUSE AT WARD NO. 45 | 21.41 | 02.09.2024 |
| 3 | 157406 | CONSTRUCTION OF CC ROAD FROM BACKSIDE OF MAHARSHI SCHOOL MOHALLA SIDAR MOHALLA SEVAK MALAKAR HOUSE TO AMERI SIDAR HOUSE, MARGHATTI MOHALL FROM TALAB MED TO KUSHTO HOUSE AND CONSTRUCTION OF RCC DRAIN FROM MUNNA JAISWAL HOUSE TO PIL-LAL SIDAR HOUSE, VERMAN HOUSE TO KHEDU PANDEY HOUSE AT PANDEY AT WARD NO. 47 | 21.49 | 02.09.2024 |
| 4 | 157408 | CONSTRUCTION OF MUKTIDHAM AT WARD NO. 44 | 35.00 | 02.09.2024 |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेन्ट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

**कार्यपालन अभियंता, न.पा.नि., रायगढ़**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद् गंजबासौदा**
**जिला विदिशा (म.प्र.)**

**नगर पालिका भवन, पुराना मेला ग्राउण्ड, शा.राजीव गांधी जनचिकित्सालय के पीछे वार्ड क्र. 15 गंजबासौदा**
Email _cmoganjbasoda@mpurban.gov.in — ☎ 07594-221104

**क्र./SBM/2024/7409** — **द्वितीय ई-निविदा आमंत्रण सूचना** — **गंजबासौदा दिनांक 9/08/2024**

**नगर पालिका परिषद् गंजबासौदा द्वारा निम्न कार्य हेतु ई-निविदा का आमंत्रण किया गया है जिसका विवरण निम्नानुसार हैं-**

| ई-निविदा क्र. | कार्य का विवरण | कार्य की अनुमानित लागत | अमानत राशि | ई-निविदा प्रपत्र का मूल्य | ई-निविदा क्रय अंतिम दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|
| 2024_UAD_363225_1 | end to end management to solid waste in nagar palika parishad ganjbasoda for achieving the zero waste status basod on self sustaining model | 1,92,00,000/- | 96000,00 | 12500.00 | 26.08.2024 |

**निविदा प्रपत्र क्रय, डाउनलोड, करने एवं निविदा से संबंधित समस्त शर्तें एवं जानकारी mptenders.gov.in से एवं नगर पालिका परिषद् गंजबासौदा की स्व. भा.मि. शाखा से प्राप्त की जा सकती है। इसके बाद किसी प्रकार का संशोधन होने पर बेवसाईट पर या कार्यालय से जानकारी प्राप्त होगी संशोधन का प्रकाशन समाचार पत्र में नहीं किया जावेगा।**

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद् गंजबासौदा**

**कार्यालय, नगर पालिक निगम, भिलाई**

कं./जन स्वा.वि./2024/589/130 — भिलाई, दिनांक 12-08-2024

**संशोधित ई-प्राक्यूरमेंट निविदा सूचना**

**Main Protal: https://eproc.cgstate.gov.in**

नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा स्कोप आफ वर्क के अन्तर्गत नाली, सड़क, बाजार, एवं तिपहिये रिक्शे/ई रिक्शा से आवासीय एवं व्यवसायिक क्षेत्र में डोर टू डोर कचरा संग्रहण कार्य तथा अन्य कार्य के लिए पृथक-पृथक जोनवार, ग्रुपवार कार्य आधारित एवं जोन क्र. 05 क्षेत्रान्तर्गत आकस्मिक साफ-सफाई कार्य हेतु ई निविदा आमंत्रित की गई है जिसका विस्तृत विवरण वेबसाइट https://eproc.cgstate.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क. | Tender | Tender Relese | Tender Download, Bid Preparation & Payment | Physical Submission of Required Documents with EMD fee - | EMD Opening and Short Listing |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 156258 | 18/07/2024 (10:30 AM) to 18/07/2024 (05:30PM) | 18/07/2024 (10:30 AM) to 13/08/2024 (05:30PM) | 16/08/2024 (05:30PM) | From 20/08/2024 (10:30 AM) |
| 2 | 156327 | 18/07/2024 (10:30 AM) to 18/07/2024 (05:30PM) | 18/07/2024 (10:30 AM) to 13/08/2024 (05:30PM) | 16/08/2024 (05:30PM) | From 20/08/2024 (10:30 AM) |
| 3 | 156341 | 18/07/2024 (10:30 AM) to 18/07/2024 (05:30PM) | 18/07/2024 (10:30 AM) to 13/08/2024 (05:30PM) | 16/08/2024 (05:30PM) | From 20/08/2024 (10:30 AM) |
| 4 | 156337 | 18/07/2024 (10:30 AM) to 18/07/2024 (05:30PM) | 18/07/2024 (10:30 AM) to 13/08/2024 (05:30PM) | 16/08/2024 (05:30PM) | From 20/08/2024 (10:30 AM) |
| 5 | 156346 | 18/07/2024 (10:30 AM) to 18/07/2024 (05:30PM) | 18/07/2024 (10:30 AM) to 13/08/2024 (05:30PM) | 16/08/2024 (05:30PM) | From 20/08/2024 (10:30 AM) |
| 6 | 156352 | 18/07/2024 (10:30 AM) to 18/07/2024 (05:30PM) | 18/07/2024 (10:30 AM) to 13/08/2024 (05:30PM) | 16/08/2024 (05:30PM) | From 20/08/2024 (10:30 AM) |
| 7 | 156353 | 18/07/2024 (10:30 AM) to 18/07/2024 (05:30PM) | 18/07/2024 (10:30 AM) to 13/08/2024 (05:30PM) | 16/08/2024 (05:30PM) | From 20/08/2024 (10:30 AM) |
| 8 | 156354 | 18/07/2024 (10:30 AM) to 18/07/2024 (05:30PM) | 18/07/2024 (10:30 AM) to 13/08/2024 (05:30PM) | 16/08/2024 (05:30PM) | From 20/08/2024 (10:30 AM) |
| 9 | 156355 | 18/07/2024 (10:30 AM) to 18/07/2024 (05:30PM) | 18/07/2024 (10:30 AM) to 13/08/2024 (05:30PM) | 16/08/2024 (05:30PM) | From 20/08/2024 (10:30 AM) |

**कार्यपालन अभियंता**


## शब्द पहेली - 5601



**बाएँ से दाएँ**
1. बादलों की गड़गड़ाहट-4
3. नीरस, रस विहीन-4
8. नेपाल की इस नायिका ने फिल्म 'सौदागर' से अपना कैरियर शुरु किया था-3,4
10. कंठस्थ करना-3
11. जुड़वा-3
13. उक्ति,काव्य कृति-3
15. आने वाला दिन-2
17. पर,पराया,दूसरा-2
18. हाथ-2
19. कविता लिखने वाल-2
21. बजाने वाला-3
25. कक्ष,रूम-3
26. ठिकाना,नीड़-3
27. हमारे देश के पूर्व प्रधानमंत्री-5,2
30. अभिप्राय-4
31. आतंकित होना-4

**ऊपर से नीचे**
2. तरुणाई,लड़कपन-3
4. सहायता,आधार-3
5. बीताना,यापन करना-4
6. दिखावा,पाखंड-4
7. जरुरत,स्वार्थ-3
8. राजी करना-3
9. योग्य-3
12. मसलना-3
13. इस चौथ को सुहागिन पति की रक्षा हेतु उपवास रखती हैं-3
14. सुगंध,लास-3
16. रोकड़ राशि-3
20. रुकना, स्थिर होना-3
22. विजय दशमी -4
23. भोर,सवेरा-3
24. सना हुआ,तर-4
25. छल,धोखा-3
28. अनुकृति-3
29. श्रृंगार -3

**शब्द पहेली - 5600 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | ति | आ | व | श्य | क | | का | रा | वा | स |
| ज | ल | | र | | म | छ | ली | | र | मा |
| र | | अ | दा | का | र | | न | र | | धा |
| अ | र | मा | न | | बं | द | | ज | मी | न |
| म | | न | | म | द | म | स्त | | रा | |
| र | ज | त | प | ट | | क | र | म | ज | ला |
| | प | | ट | क | रा | ना | | स | | ल |
| मु | ना | दी | | ना | ग | | द | ल | ह | न |
| ला | | प | री | | गा | ड़ी | वा | न | | पा |
| का | का | | त | न | य | | घ | | न | ल |
| त | र | सा | ना | | न | ग | र | भ | व | न |

## सूडोकु नवताल - 5612

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | | | 4 | | | |
| 1 | | | | | | | | 9 |
| 3 | | | | 2 | | | 5 | |
| | | | 1 | | | | 8 | |
| | | 5 | | | | 4 | | |
| | 7 | | | | 9 | | | |
| | 6 | | | 3 | | | | 2 |
| 9 | | | | | | | | 1 |
| | | | 8 | | | 7 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5611 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 8 | 5 | 9 | 1 | 4 | 7 | 9 |
| 7 | 9 | 1 | 4 | 6 | 3 | 5 | 8 | 2 |
| 2 | 4 | 5 | 7 | 2 | 8 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 1 | 3 | 2 | 5 | 4 | 8 | 6 | 7 |
| 4 | 6 | 2 | 8 | 1 | 7 | 9 | 5 | 3 |
| 5 | 8 | 7 | 6 | 3 | 9 | 1 | 2 | 4 |
| 3 | 2 | 4 | 1 | 8 | 5 | 7 | 9 | 6 |
| 8 | 7 | 6 | 9 | 4 | 2 | 3 | 1 | 5 |
| 1 | 5 | 9 | 3 | 7 | 6 | 2 | 4 | 8 |

# रूस के 30 किमी घुसी यूक्रेनी सेना, फहराया यूक्रेन का झंडा

## रूसी राष्ट्रपति पुतिन को तगड़ा झटका



द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद से पहली बार किसी दूसरे देश की सेना रूसी जमीन में घुसी

एजेंसी ▶▶| कीव/मॉस्को

ढाई साल से ज्यादा समय से चल रहे रूस और यूक्रेन युद्ध में यूक्रेनी सेना ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को बड़ा झटका दिया है। यूक्रेन की सेना रूस के अंदर घुस कर अभियान चला रही है, जिसके मॉस्को भौचक्का रह गया है। यूक्रेन की सेना रूसी क्षेत्र में 30 किलोमीटर तक अंदर घुस गई है। रूस के अंदर इमारतों पर यूक्रेनी सैनिक अपने देश का झंडा लगा रहे हैं। शीर्ष रूसी सैन्य अधिकारियों के लिए यह सबसे मुश्किल घड़ी है और वे इससे निपटने की जी-तोड़ कोशिश कर रहे हैं। पुतिन के लिए यह कितनी बड़ी शर्मिंदगी है, इसे ऐसे समझा जा सकता है कि द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद से पहली बार किसी दूसरे देश की सेना रूसी जमीन में घुसी है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने आधिकारिक तौर पर यूक्रेनी सैन्य बलों के रूस की सीमा के अंदर घुसने की पुष्टि की है। वहीं, रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उसके सैन्य बलों ने टोलपिनो और ओब्श्ची कोलोदेज गांवों के पास यूक्रेनी सैनिकों के साथ मुठभेड़ की है। यूक्रेनी सेना के इस अप्रत्याशित कदम ने रूस और यूक्रेन दोनों को सहयोगियों को हैरान कर दिया है।

### पुतिन के लिए शर्मिंदगी

पुतिन के लिए भारी शर्मिंदगी बने इस हमले को लोकने के लिए मॉस्को हरसंभव प्रयास कर रहा है। रूसी अधिकारियों ने कुर्स्क और दो अन्य सीमावर्ती क्षेत्रों में अभियान शुरू किया है। कुर्स्क से हजारों लोगों को निकाला गया है। यूक्रेन ने कई बार हवाई हमलों में रूस के सीमावर्ती क्षेत्रों को निशाना बनाया है, लेकिन कुर्स्क ऑपरेशन के जरिए ये पहली बार हुआ है जब यूक्रेनी सैन्य इकाइयों ने रूसी क्षेत्र में प्रवेश किया है। हैरान करने वाली बात रही है रविवार को छठें दिन भी रूसी सैनिक यूक्रेन की बढ़त को रोकने में नाकाम रहे थे।

### रूस में यूक्रेन का झंडा

ऐसे फुटेज सामने आए हैं, जिसमें यूक्रेन के सशस्त्र बल युद्धग्रस्त रूसी क्षेत्र के गांव में हंसते हुए दिखाई दे रहे हैं। एक विडियो में यूक्रेनी सैनिक अपने देश का झंडा लेकर इमारत तक जाता है और उसे दीवार पर खड़े अपने साथी सैनिक को सौंपता है। इसके बाद सैनिक इमारत पर यूक्रेन का झंडा फहरा देते हैं। इस दौरान यूक्रेनी सैनिक रूस का झंडा जमीन पर फेंक देते हैं।

# राहुल को इस बार ईडी ने पूछताछ को बुलाया तो होगी बडी राजनीतिक घेराबंदी

हरिभूमि ब्यूरो. नई दिल्ली।



कांग्रेस मुख्यालय में सोमवार को दिनभर वरिष्ठ नेताओं के बीच इस बात की खासी चर्चा रही कि इस बार अगर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) राहुल गांधी को नेशनल हेराल्ड मनी लॉनड्रिंग जांच में पूछताछ के लिए फिर बुलाया तो कैसे उसका राजनीतिक लाभ पार्टी को लेना है! रविवार देर शाम से ये बात दिल्ली के सत्ता गलियारे में तैर रही है कि लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को ईडी फिर से तलब कर सकती है। ईडी कुछ सीनियर अफसरों ने नाम न उजागर करने की शर्त पर बताया कि कांग्रेस नेता से फिर से पूछताछ की जरूरत पड़ सकती है, क्योंकि एजेंसी कथित अनियमितताओं की अपनी जांच पूरी करना चाहती है। रायबरेली के सांसद से इससे पहले जून 2022 में ईडी ने चार बैठकों में करीब 40 घंटे तक पूछताछ की गई थी। उनसे यंग इंडियन प्राइवेट लिमिटेडके दैनिक कामकाज में उनकी भूमिका के बारे में पूछताछ की गई थी। इस कंपनी में वह अपनी मां सोनिया गांधी के साथ हिस्सेदार हैं।



### सोनिया गांधी को फिर बुलाए जाने को लेकर स्थिति साफ नहीं

जुलाई 2022 में तीन दिनों में करीब 11 घंटे तक सोनिया गांधी से भी इस मामले में पूछताछ की गई थी। ईडी के एक अधिकारी ने कहा, हम एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) की जांच पूरी करने और अभियोजन शिकायत (ईडी के चार्जशीट के बराबर) दर्ज करने की सोच रहे हैं, ताकि मामले की सुनवाई हो सके। राहुल गांधी समेत सभी जुड़े लोगों को जल्द ही बुलाया जा सकता है। यह स्पष्ट नहीं है कि वित्तीय अपराध जांच एजेंसी सोनिया गांधी को भी एक बार फिर पूछताछ के लिए बुलाने पर विचार कर रही है या नहीं। पिछले हफ्ते राहुल गांधी ने दावा किया था कि संसद के हाल ही में संपन्न सत्र में केंद्रीय बजट पर चर्चा के दौरान उनके चक्रव्यूह भाषण के बाद ईडी उन पर छापा मारने की योजना बना रही है।

## भारत और श्रीलंका की सेनाओं के बीच हुई मित्र शक्ति युद्धभ्यास की शुरुआत

**हरिभूमि न्यूज. नई दिल्ली।** भारत और श्रीलंका की थलसेनाओं के बीच सोमवार से द्विपक्षीय मित्र शक्ति युद्धभ्यास की आर्मी ट्रेनिंग स्कूल (मादुरू ओया, श्रीलंका) शुरुआत हुई। इस वर्ष इसका दसवां संस्करण है। सेना ने बताया कि इस बार यह युद्धाभ्यास 12 से 25 अगस्त तक चलेगा। भारत से इसमें राजपूताना राइफल्स के 106 कर्मी अन्य सेवाओं के साथ भाग ले रहे हैं।

# पार्सल पैकेटों में मिला 1 करोड़ 70 लाख का हाइब्रिड गांजा

■ डाकघर में पड़ा छापा

**अहमदाबाद।** गुजरात में अहमदाबाद फॉरेन पोस्ट ऑफिस में पार्सलों के अंदर से 1.70 करोड़ रुपए कीमत का हाइब्रिड गांजा बरामद किया गया है। अहमदाबाद सिटी साइबर क्राइम ब्रांच ने इस संबंध में एफआईआर दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। गुजरात पुलिस ने इस बारे में जानकारी देते हुए कहा कि अहमदाबाद में एक विदेशी डाकघर अनुभाग से खिलौनों और महिलाओं के जूतों में छिपाकर रखे गए हाई क्वालिटी के गांजे से भरे पार्सल के पैकेट बरामद किए गए हैं।

पुलिस ने बताया कि शुरुआती जांच से इसका संकेत मिला है कि इस गांजे की खरीद डार्क वेब से की गई हो और यह संभावित तौर पर विदेश से जुड़ा हो सकता है।


**IndusInd Bank**

**VEHICLES/MACHINERY AUCTION NOTICE**

Online/ Offline bids are invited for the sale of the following vehicles/machinery, on 'as is where is' basis:

| Sl.No. | Branch | Deal No. | Customer Name | Registraion No. | Yard |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | DHAMTARI | FRT00569D | BAIJANTIN | CG19BP6903 | HITECH PARKING YARD, RAIPUR |
| 2 | KORBA | FRK01569D | S DHANJEET | CG12S5535 | R S PARKING YARD, KORBA |
| 3 | KORBA | FRK01762D | PARAG | CG12AW3634 | R S PARKING YARD, KORBA |

For any queries or inspection of the vehicles, please contact us at: Indusind Bank Ltd, 3rd Floor, Ravi Bhawan, Raipur (C.G.) **Call: 0771-4255804, Last Date : 19th August, 2024.**

The borrowers/co-borrowers/successors/heirs concerned are hereby once again called upon to clear their dues before the above mentioned last date, failing which we shall be constrained to sell the vehicle and recover from them further loss, if any.

-Authorized Officer

**Date : 13th August, 2024, Raipur** **www.indusind.com**

"Now View, Select and Bid on your favourite Bike/Car online! Register on https://induseasywheels.indusind.com"



**केनरा बैंक Canara Bank** भारत सरकार का उपक्रम A Govt. of India Undertaking | सिंडिकेट Syndicate

केनरा बैंक, स्पेशलाइज्ड, ए.आर.एम. शाखा, प्लाट नं. 4, पीएसपी एरिया, एम्स के पास, साकेत नगर, भोपाल फोन : 8989014648

**ई-नीलामी सूचना**

परिशिष्ट - IV क [ नियम 8(6) एवं 6(2) का परन्तुक देखें ]

**चल/अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस**

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के नियम 8(6) एवं 6(2) के अन्तर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु विक्रय सूचना

आम जनता को साधारणतः एवं निम्न वर्णित अचल संपत्तियों के ऋणियों एवं जमानतदारों को विशेषतः सूचित किया जाता है कि निम्नवर्णित संपत्तियाँ **केनरा बैंक (सुरक्षित लेनदार)** के पास बंधक है तथा बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नीचे वर्णित संपत्तियों का उसके **कब्जा** ले लिया गया है। निम्नवर्णित संपत्तियों का विक्रय दिनांक **11-09-2024** को **केनरा बैंक (सुरक्षित लेनदार)** के बकाया राशि को वसूल करने हेतु ''जैसा है जहां है, जो है जैसा है'' एवं ''जो कुछ भी है'' के आधार पर किया जा रहा है।

| शाखा एवं खाते/ जमानतदार का नाम | संपत्ति का विवरण एवं संपत्ति मालिक का नाम | मांग सूचना दिनांक / कब्जा दिनांक / बकाया राशि | आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि / बिड बढ़ाने की राशि |
|---|---|---|---|
| ऋणी- **मेसर्स गणपति इण्डस्ट्रीज** प्रोप.-श्रीमती संध्या आशीष गुप्ता इंडस्ट्रियल प्लाट न. 134/बी एवं 134 (एच), लाइट इण्डस्ट्रियल एरिया, भिलाई, दुर्ग (छ.ग.) **श्रीमती संध्या गुप्ता पत्नि श्री आशीष गुप्ता, श्री आशीष गुप्ता** | प्लाट नं. 134/बी एवं 134/एच, लाइट इण्डस्ट्रियल एरिया, भिलाई, दुर्ग (छ.ग.) पर स्थित प्लांट एवं मशीनरी **भौतिक कब्जा** | 30.04.2021 / 05.08.2021 / दि. 07/08/2024 को ₹ 3,31,21,047.56 +देय ब्याज एवं खर्चे | ₹ 7.34 लाख / ₹ 0.75 लाख / ₹ 10000/- |
| ऋणी- **मेसर्स एस.एस. ब्रिक्स** प्लाट नं. 80,81,82, इण्डस्ट्रियल एरिया, बोराई, रसमादा, दुर्ग- छ.ग. 490011 **श्रीमती सुनीता विश्वकर्मा, श्रीमती संध्या संचेती पत्नि दिनेश संचेती** | फैक्ट्री भूमि एवं भवन प्लाट नं. 82, 81 एवं 82 का भाग, (जोन-ए), ग्राम-रसमादा, दुर्ग (छ.ग.) 490011 क्षेत्रफल-2556 वर्गमीटर चर्तुसीमाएं- उत्तर- स्ट्रीट, दक्षिण- प्लाट नं. 79 एवं 83, पूर्व- प्रस्तावित रोड, पश्चिम- प्रस्तावित रोड **सांकेतिक कब्जा** | 02.05.2018 / 19.07.2018 / as on 07/08/2024 ₹ 28,93,086.89/- + देय ब्याज एवं अन्य खर्चे | ₹ 33.86 लाख / ₹ 3.40 लाख / ₹ 10000/- |

**धरोहर राशि (ईएमडी) जमा करने की अंतिम तिथि 10/09/2024 या उससे पूर्व सायं 5.00 बजे तक**
**ई-नीलामी की दिनांक एवं समय : 11/09/2024, दोपहर 12.00 से दोपहर 2.00 बजे तक (5 मिनिट के असीमित विस्तार पर)**

ईएमडी जमा करने हेतु खाते का विवरण: डिमाण्ड ड्राफ्ट के माध्यम से, जो कि प्राधिकृत अधिकारी केनरा बैंक, SPLSD, ARM Branch (6816) भोपाल के पक्ष में देय हो, अथवा आन लाईन भुगतान आरटीजीएस/एनईएफटी /फण्ड ट्रांसफर के माध्यम से केनरा बैंक, एआरएम शाखा खाता क्र. 209272434 IFSC Code: CNRB0006816 में जमा करें।
यहां संपत्ति का विक्रय राशि रु. 50 लाख या उससे ऊपर हो उस परिस्थिति में नीलामी खरीददार को विक्रय राशि का 1% टी.डी.एस. का भुगतान करना होगा तथा टीडीएस सर्टिफिकेट की मूल प्रति बैंक में जमा करनी होगी।
सभी शुल्क, स्टांप शुल्क/जीएसटी पंजीकरण शुल्क आदि, जैसा लागू हो और कोई भी कर, राजस्व/किसी भी स्थानीय प्राधिकारी को बकाया आदि केवल सफल बोलीदाता द्वारा वहन किया जाएगा।
विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु केनरा बैंक की वेबसाइट में ई-नीलामी की लिंक (https://www.canarabank.com) देखें अथवा सम्पर्क करें श्री रंजन कुमार पाणी, मुख्य प्रबंधक, केनरा बैंक, स्पेशलाइज्ड, ए.आर.एम. शाखा, प्लाट नं. 4, पीएसपी एरिया, एम्स के पास, साकेत नगर, भोपाल (Ph. No 8989014648, 9140476074, 7905027805, 7988126216)

स्थान : भोपाल दिनांक : 07-08-2024 प्राधिकृत अधिकारी केनरा बैंक





## भारत-नेपाल के विदेश सचिवों के बीच हुई मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

**Floor 4, 5 & 6, City Kotwall Police Station, Chhotapara Road, Chhotapara, Raipur, Chhattisgarh 492001**

**e-Procurement Tender Notice**
**Main Portal: http://eproc.cgstate.gov.in (1st Call)**

Online bids are invited for the following works up to Date 30/08/2024 at 17:30 hours.

| SI No. | System Tender No. | NIT NO | Name of work/Description of work | Probable amount of contract | Earnest Money Deposit | Eligible class of Contractor/ Firm | Time Period |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 157380 | 655/RSCL/2024, RAIPUR DATED:. 09/08/2024 | रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड कार्यालय सिटी कोतवाली पुलिस स्टेशन छोटापारा रोड एवं. पुराना कार्यालय छत्रपति शिवाजी आउटडोर स्टेडियम रायपुर छत्तीसगढ़ में सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करना पार्किंग व्यवस्था रखने हेतु 06 सुरक्षा गार्ड उपलब्ध कराने बाबत। | 8,84,333/- | Rs. 9,000/- | श्रम आयुक्त कार्यालय ई.पी.एफ. कार्यालय कर्मचारी राज्य बीमा निगम में पंजीकृत। | 09 Month |
| 2 | 157381 | 656/RSCL/2024, RAIPUR DATED:. 09/08/2024 | रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड कार्यालय में किराये पर वाहन उपलब्ध कराने हेतु। | 21,42,000/- | Rs. 20,000/- | ओपन | 09 Month |

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e-Procurement Portal **https://eproc.cgstate.gov.in** from 09/08/2024 17.30 Hours (IST) on wards.

For more details on the tender and bidding process you may please visit the above-mentioned portal.

**NOTE**:- 1. All eligible/interested contractors are mandated to get enrolled on e-Procurement portal. 2. Contractors can contact Help Desk for any clarification of their doubts regarding the process of Electronic Procurement System. Help Desk at Toll Free No. 18004199140 or through Email ID **helpdesk.eproc@cgswan.gov.in** 3. प्रत्येक कार्य के लिए निविदा शुल्क देना होगा। निविदा शुल्क राशि रू. 2000/- मात्र देय डिमांड ड्राफ्ट प्रबंध संचालक, रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड रायपुर के नाम से देय होगा तथा वापसी अयोग्य होगी।

**Manager**
**Raipur Smart City Limited RAIPUR (C.G.)**

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, पलामू**

अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना

ई– निविदा सूचना संख्या – **EE/RDSD/PALAMAU-07/2024-25**

1.कार्य की विस्तृत विवरणीः–

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पलामू जिला के प्रखण्ड रामगढ़ अन्तर्गत पंचायत–बेड़मा, ग्राम–चौपरिया में लमती के पास गुरदह नदी पर पुल निर्माण। | 34732200.00 | 695000.00 | 10000.00 | 18 माह। |
| 2 | पलामू जिला के प्रखण्ड उंटारी के मुरमाखूर्द टिटही घाट के बांकी नदी पर पुल निर्माण। | 45210800.00 | 905000.00 | 10000.00 | 18 माह। |
| 3 | पलामू जिला के प्रखण्ड पाण्डु के ग्राम कुटमू फुलिया में कुटमू बरवाही फुलिया घाट पर बांकी नदी पर पुल निर्माण। | 43243200.00 | 865000.00 | 10000.00 | 18 माह। |
| 4 | पलामू जिला के प्रखण्ड नीलाम्बर– पीताम्बरपुर अन्तर्गत पंचायत–पूर्णाडीह, ग्राम–मुन्दरिया में करमाही से चिरैयाटांड़ जाने के पथ में मलय नदी पर पुल निर्माण। | 45345600.00 | 907000.00 | 10000.00 | 18 माह। |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 16.08.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 16.08.2024 से दिनांक 27.08.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, पलामू।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 29.08.2024 अपराह्न 2:00 बजे।
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, पलामू।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06562–355581 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
PR 332471 Rural Development(24-25).D ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,पलामू

## CHHATTISGARH STATE POWER DISTRIBUTION CO. LTD.
(A GOVERNMENT OF CHHATTISGARH UNDERTAKING) (A SUCCESSOR COMPANY OF CSEB)
O/O THE SUPERINTENDING ENGINEER, (CC-I), RAIPUR
Website -www.cseb.gov.in Office Mail ID – secc.raipur@cspc.co.in Phone No. 0771-2574800, 2574801 Fax No. 0771-2574805

**NOTICE INVITING TENDER THROGU E-BIDDING**

E-tenders are invited **experience & Eligible Contractors** for hiring of new vehicle capacity 01 ton pick-up/utility vehicle for each FOC attending HT/LT maintenance, FOC work, D.O. TMC works & Revenue realization work i.e. RC/DC work for continues 24 Hrs. 03 shifts round the clock 8 hours to 16 hours, 16 hours to 24 hours and 0 hours to 8 hours along with **02 extra drivers,** as per terms & conditions enclosed. Each shift consisting of 01 driver, vehicle should be commercial tax paid vehicle capacity 01 ton pick-up/ utility vehicle along with ladder not below than TATA ACE. Reliever for driver in each shift will be provided by the contractor. All running expenditure of vehicle will be borne by contractor. Mobile charges will also be borne by the contractor. The contract work will be as per guidelines of CSPDCL. The New ladder pick-up 01 ton vehicle will be hired for a period of 03 years. Normally the period of contract will be **3 Years** on the monthly rate basis. The CSPDCL reserves the right to extend the term of contract period for further **1.5 years** at the same rate, terms & condition on mutual understanding between CSPDCL & contractor.

| S. N | Tender No. | Name of work | Value of contract | EMD Amount | Last date & Time of submission of bids | Due date of Opening |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | TR-2024_40 RFX No. 8100038711 | EE City Dn. East, CSPDCL Raipur for 04 numbers FOC:- Civil line, Daldal Seoni, Shankar Nagar & Amaseoni Raipur | 13040500/- | 130500/- | 12.08.2024. upto 1:30 PM | 02.09.2024. upto 2:00 PM |
| 2. | TR-2024_41 RFX No. 8100038712 | EE City Dn. West, CSPDCL Raipur for 04 numbers FOC:- Changorabhata, DD Nagar, Lakhenagar & Tikarapara Raipur | 13040500/- | 130500/- | 12.08.2024. upto 1:30 PM | 02.09.2024. upto 2:00 PM |
| 3. | TR-2024_42 RFX No. 8100038714 | EE City Dn. South, CSPDCL Raipur for 04 numbers FOC:- Purena, Rawanbhata, Agriculture College & Deopuri Raipur | 13040500/- | 130500/- | 12.08.2024. upto 1:30 PM | 02.09.2024. upto 2:00 PM |
| 4. | TR-2024_43 RFX No. 8100038715 | EE City Dn. Central, CSPDCL Raipur for 04 numbers FOC:- Ganj, Budhapara, Nayapara & Shastri chowk Raipur | 13040500/- | 130500/- | 12.08.2024. upto 1:30 PM | 02.09.2024. upto 2:00 PM |

Details of Tender, Technical Specifications, Terms and Conditions etc are available on our website www.cseb.gov.in, www.cspdcl.co.in and **ebidding http:/cijsrp.cspdcl.co.in.** Last date and time of submission of bid is on **02.09.2024** up to **01:30 P.M.** and due date of opening is on **02.09.2024** at **02:00 P.M.** The Tender document can also be downloaded from CSPDCL's official website mentioned above. The cost of required Tender fee (which is not refundable) of **Rs. 5000/-** including GST and EMD for each tender may be deposited by online through e-bidding.

"Save energy for benefit of self and Nation"

**(M.K. Verma- 89373680)**
**Superintending Engineer**
**City Circle-I, CSPDCL: Raipur**

## खबर संक्षेप



### हाई-टेक पाइप्स का लाभ दोगुना से अधिक

**नई दिल्ली।** इस्पात पाइप बनाने वाली कंपनी हाई-टेक पाइप्स का चालू वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ दोगुना से अधिक होकर 18.05 करोड़ रुपये रहा। कंपली का पिछले वित्त वर्ष 2023-24 की पहली (अप्रैल-तिमाही) में शुद्ध लाभ 8.03 करोड़ रुपये था। हाई-टेक पाइप्स ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि समीक्षाधीन तिमाही में कंपनी की आय 35 प्रतिशत बढ़कर 866.97 करोड़ रुपये हो गई, जो एक साल पहले समान तिमाही में 642.16 करोड़ रुपये थी।

### काइनेटिक ग्रीन ने इक्विटी से जुटाए 2.5 करोड़ डॉलर

**नई दिल्ली।** इलेक्ट्रिक वाहन बनाने वाली कंपनी काइनेटिक ग्रीन ने निजी इक्विटी कंपनी ग्रेटर पैसिफिक कैपिटल से 2.5 करोड़ डॉलर (करीब 209 करोड़ रुपये) जुटाए हैं। कंपनी ने कहा कि उसने 'सीरीज ए' वित्त पोषण चक्र में यह पूंजी जुटाई। इसका लक्ष्य चार करोड़ अमेरिकी डॉलर तक जुटाना था। पुणे स्थित कंपनी ने बयान में कहा, वह इस धनराशि का इस्तेमाल सुपा (महाराष्ट्र) स्थित अपने विनिर्माण संयंत्र में उत्पादन बढ़ाने, हाल ही में पेश किए गए ई-लूना सहित अपने मौजूदा उत्पादों के विपणन तथा वितरण व नए उत्पादों के अनुसंधान एवं विकास के लिए करेगी।



### भेल को दामोदर घाटी निगम से मिला 1600 मेगावाट का ठेका




**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी भेल को दामोदर घाटी निगम (डीवीसी) से 1,600 मेगावाट की परियोजना का ठेका मिला है। भेल ने बयान में कहा, इस 1600 मेगावाट कोडरमा सुपरक्रिटिकल थर्मल पावर प्रोजेक्ट (एसटीपीपी) को अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धी बोली (आईसीबी) के जरिये हासिल किया गया। कोयला आधारित इकाई झारखंड के कोडरमा जिले में ईपीसी (इंजीनियरिंग, खरीद व निर्माण) आधार पर स्थापित की जाएगी।

### अमेजन इंडिया का ईवी के लिए जेंटारी से साझेदारी




**मुंबई।** अमेजन इंडिया ने अपने ईवी परिनियोजन कार्यक्रम के लिए इलेक्ट्रिक परिवहन कंपनी जेंटारी के साथ रणनीतिक साझेदारी की है। कंपनी का लक्ष्य 2025 तक अंतिम छोर तक डिलीवरी के लिए 10,000 इलेक्ट्रिक वाहनों का बेड़ा तैयार करना है। अमेजन इंडिया ने कहा कि सहयोग के तहत जेंटारी ग्रीन मोबिलिटी बिजनेस अगले तीन वर्षों में कंपनी के लिए इलेक्ट्रिक वाहनों की खरीद तथा तैनाती करेगी। इसके अलावा ईवी बेड़े के निर्बाध संचालन तथा रखरखाव को सुनिश्चित करने के लिए डिलीवरी सेवा भागीदारों (डीएसपी) को बेड़ा प्रबंधन सेवाएं प्रदान करेगा।

### वोल्टास का पहली तिमाही में मुनाफा हुआ दोगुना




**नई दिल्ली।** एयर कंडीशनर विनिर्माता व इंजीनियरिंग सेवा प्रदाता वोल्टास लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ दोगुना होकर 335 करोड़ रुपये हो गया। कंपली का पिछले वित्त वर्ष 2023-24 की पहली (अप्रैल-तिमाही) में शुद्ध लाभ 129.42 करोड़ रुपये था। टाटा समूह की कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया, पहली तिमाही में उसने एसी की 10 लाख इकाई की बिक्री रिकॉर्ड बिक्री दर्ज की।

# गुजरात के हीरा उद्योग पर छाए संकट के बादल, श्रमिक परेशान

**'सुसाइड हेल्पलाइन' नंबर पर लगातार कॉल कर रहे हैं श्रमिक**

एजेंसी ⏭ सूरत

डायमंड वर्कर्स यूनियन गुजरात (डीडब्ल्यूयूजी) द्वारा 15 जुलाई को शुरू की गई 'सुसाइड हेल्पलाइन नंबर' पर इस क्षेत्र से जुड़े लोगों की ओर से 1,600 से अधिक संकटपूर्ण कॉल आई हैं। इस पहल से जुड़े एक पदाधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। मीडिया रिपोर्टों का हवाला देते हुए, डीडब्ल्यूयूजी के उपाध्यक्ष भावेश टांक ने कहा कि पिछले 16 माह में सूरत में 65 हीरा श्रमिकों ने आत्महत्या की है, उनमें से अधिकांश ने वेतन कटौती और नौकरी छूटने के कारण उत्पन्न कठिनाइयों के कारण यह चरम कदम उठाया, जो उद्योग में मंदी का परिणाम है।

### सूरत में दुनिया की 90 फीसदी हीरे तराशे जाते हैं

सूरत इस क्षेत्र के प्रमुख केंद्रों में से एक है, जहां दुनिया के लगभग 90 प्रतिशत कच्चे हीरे तराशे और पॉलिश किए जाते हैं। यह काम 2,500 से अधिक इकाइयों में कार्यरत लगभग 10 लाख श्रमिकों द्वारा किया जाता है। उन्होंने कहा, हमने 15 जुलाई को यह हेल्पलाइन नंबर श ुरू किया था। अब तक हमें 1,600 से ज़्यादा कॉल आ चुकी हैं।



### कॉल करने वाले ज्यादातर कुछ माह से बेरोजगार

कॉल करने वाले ज़्यादातर लोग पिछले कुछ महीनों में बेरोज़गार हो गए हैं। वे रोज़गार की तलाश में भी परेशान हैं। टांक ने बताया, जिन लोगों के वेतन में 30 प्रतिशत तक की कटौती हुई है, वे अपने बच्चों की स्कूल फीस, घर का किराया, घर और वाहन लोन की मासिक किस्त आदि चुकाने में मदद मांगते हैं।

### 50,000 ने नौकरी से हाथ धोया

यूक्रेन-रूस और इज़राइल-गाज़ा संघर्षों के साथ-साथ प्रमुख बाज़ार चीन में कमज़ोर मांग के कारण आपूर्ति ज़्यादा है, जिसके कारण इस साल 50,000 कर्मचारियों को अपनी नौकरी से हाथ धोना पड़ा है।

### हेल्प लाइन पर बच्चों की फीस भरने का अनुरोध

वित्तीय संकट को झेलने में असमर्थ हीरा श्रमिकों द्वारा आत्महत्या की बढ़ती घटनाओं के बीच, सूरत डायमंड वर्कर्स यूनियन ने हाल ही में एक हेल्पलाइन नंबर शुरू किया है, जहां कई श्रमिकों ने अपने बच्चों की स्कूल और कॉलेज की फीस भरने में सहायता के लिए अनुरोध किया है। बयान में कहा गया है, 'वित्तीय सहायता मांगने वाले परिवारों की वित्तीय स्थिति का सर्वेक्षण करने के बाद, उन्हें स्कूल की फीस के लिए चेक दिए गए। रविवार को एक चेक वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें स्कूल और कॉलेज में पढ़ने वाले 40 छात्रों को स्कूल की फीस के लिए 15,000 रुपये के चेक दिए गए।'

## खुदरा महंगाई में गिरावट की वजह खाद्य महंगाई में गिरावट

# महंगाई दर 5 साल के निचले स्तर पर, आरबीआई के टोलरेंस बैंड के नीचे आई 3.54 प्रतिशत पर

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

जुलाई में महंगाई से जनता को बड़ी राहत मिलती दिखाई दे रही है। खुदरा या रिटेल महंगाई दर जुलाई में 5 सालों के निचले स्तर पर आ गई है और 3.54 फीसदी रही है। ये अगस्त 2019 के बाद सबसे निचले स्तर है। अगस्त 2019 में रिटेल महंगाई दर 3.28 फीसदी पर थी। सोमवार को रिटेल महंगाई दर और औद्योगिक उत्पादन का आंकड़ा आ गया है। इसमें जून 2024 में आईआईपी 4.2 फीसदी पर रही है।

- सब्जियों और दालों की महंगाई की दर में आई कमी

खुदरा महंगाई दर में गिरावट की बड़ी वजह खाद्य महंगाई दर में गिरावट है। जुलाई 2024 में खाद्य महंगाई दर घटकर 5.42 फीसदी पर रही है जो जून 2024 में 9.26 फीसदी रही थी। जुलाई 2023 में खाद्य महंगाई दर 7.4 फीसदी पर रही थी। सब्जियों और दालों की महंगाई दर में कमी के चलते खाद्य महंगाई घटी है।

**खास बातें**

- सब्जियों की महंगाई दर घटकर 6.83 फीसदी पर
- अगस्त 2019 में खुदरा महंगाई दर 3.28 फीसदी रही



### सब्जियों और दालों की महंगाई से राहत!

सांख्यिकी मंत्रालय ने खुदरा महंगाई दर का जो आंकड़ा जारी किया है उसके मुताबिक जुलाई 2024 में जून महीने के मुकाबले सब्जियों और दालों की महंगाई में भारी कमी आई है। जुलाई में सब्जियों की महंगाई दर घटकर 6.83 फीसदी रही है जो जून में 29.32 फीसदी रही थी। दालों की महंगाई दर जुलाई में 14.77 फीसदी रही है जो जून में 14.77 फीसदी रही थी।

### दूध व उससे जुड़े पदार्थ की महंगाई 2.99 फीसदी

अनाज और उससे जुड़े प्रोडक्ट्स की महंगाई दर 8.14 फीसदी रही है जो जून में 8.75 फीसदी रही थी। चीनी की महंगाई दर 5.22 फीसदी रही है जो जून में 5.83 फीसदी रही थी। अंडों की महंगाई दर बढ़ी है और ये 6.76 फीसदी रही है जो इसके पहले महीने में 3.99 फीसदी रही थी। दूध और उससे जुड़े प्रोडक्ट्स की महंगाई दर 2.99 फीसदी रही है।

### महंगी ईएमआई से मिलेगी राहत!

खुदरा महंगाई दर घटकर आरबीआई के टोलरेंस बैंड 4 फीसदी के नीचे जा पहुंची है। भारतीय रिजर्व बैंक ने अपने पॉलिसी रेट्स में बदलाव करने के लिए 4 फीसदी पर महंगाई दर के आने का लक्ष्य कय किया हुआ है। जुलाई महीने में खुदरा महंगाई दर घटकर 3.54 फीसदी पर आ गई है जो पिछले 5 सालों में सबसे कम है। ऐसे में ये माना जा रहा है कि अक्टूबर 2024 में जब भारतीय रिजर्व बैंक पॉलिसी रेट्स की समीक्षा करेगा तब महंगाई ईएमआई से राहत मिल सकती है।

### जून में औद्योगिक उत्पादन 4.2 प्रतिशत बढ़ा

देश का औद्योगिक उत्पादन (आईआईपी) जून, 2024 में विनिर्माण क्षेत्र के खराब प्रदर्शन की वजह से पांच माह के निचले स्तर 4.2 प्रतिशत पर आ गया। हालांकि, बिजली और खनन क्षेत्र का अच्छा प्रदर्शन जारी है। सोमवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, औद्योगिक गतिविधियों को मापने वाला औद्योगिक उत्पादन सूचकांक इस साल जून में 4.2 प्रतिशत की दर से बढ़ा जबकि एक साल पहले की समान अवधि में यह चार प्रतिशत रहा था।

# हिंडनबर्ग रिपोर्ट के बीच तेज गिरावट से उबरा शेयर बाजार

एजेंसी ⏭ मुंबई



उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में स्थानीय शेयर बाजारों में सोमवार को मामूली गिरावट रही। अमेरिकी शोध और निवेश कंपनी हिंडनबर्ग रिसर्च की सेबी प्रमुख माधबी पुरी बुच और उनके पति के खिलाफ विदेशी कोष में अघोषित निवेश को लेकर रिपोर्ट से बाजार शुरू में काफी गिर गया था लेकिन बाद में निजी बैंकों में लाभ से बाजार काफी हद तक नुकसान से उबरने में सफल रहा।

- सेंसेक्स मामूली 57 अंक और निफ्टी 20 अंक टूटा

तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स में शुरुआत में तेज गिरावट आई थी। हालांकि, बाद में यह 56.99 अंक यानी 0.07 प्रतिशत की मामूली गिरावट के साथ 79,648.92 अंक पर बंद हुआ। सुबह के कारोबार में अदाणी समूह की कंपनियों और रिलायंस इंडस्ट्रीज जैसी प्रमुख कंपनियों के शेयरों में लिवाली से यह 479.78 अंक तक लुढ़क गया था। बाद में इसमें तेजी आई और यह दिन के निचले स्तर से करीब 880 अंक तक चढ़ गया। लेकिन कारोबार समाप्ति से पहले यह नीचे आ गया। सेंसेक्स की 18 कंपनियां नुकसान में जबकि 12 लाभ में रहीं। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 20.50 अंक यानी 0.08 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,347 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह नीचे में 24,212.10 अंक तक आया और ऊंचे में 24,472.80 अंक तक गया। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''भारतीय बाजार स्थिर बंद हुआ। शुरुआत में बाजार पर अदाणी-हिंडनबर्ग-सेबी रिपोर्ट का असर हुआ।

### इन शेयरों में रही घट-बढ़

सेंसेक्स की 30 कंपनियों में अदाणी पोर्ट्स, एनटीपीसी, पावर ग्रिड, भारतीय स्टेट बैंक, नेस्ले, महिंद्रा एंड महिंद्रा, रिलायंस इंडस्ट्रीज और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज सर्वाधिक नुकसान में रहीं। दूसरी तरफ लाभ में रहने वाले शेयरों में एक्सिस बैंक, जेएसब्ल्यू स्टील, टाटा मोटर्स, एचडीएफसी बैंक और कोटक महिंद्रा बैंक शामिल हैं।

# ऑटोमेशन ने विनिर्माण क्षेत्र में महिलाओं के लिए बनाया रास्ता

**पुरुष प्रधान क्षेत्र माना जाता है विनिर्माण**

एजेंसी ⏭ मुंबई

देश 2047 तक 35,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की ओर बढ़ रहा है और विनिर्माण क्षेत्र तेजी से स्वचालन (ऑटोमेशन) को अपना रहा है। इससे महिलाओं की भर्तियां बढ़ने की उम्मीद है, जिससे कंपनियों को अधिक समावेशी बनने में मदद मिलेगी। टीमलीज सर्विसेज के मुख्य रणनीति अधिकारी सुब्बुरात्नम पी. ने 'कहा, 'इन कंपनियों ने पुरुष-प्रधान क्षेत्रों में चरणबद्ध तरीके से स्वचालन (ऑटोमेशन) को अपनाना शुरू कर दिया है और महिलाओं की भर्ती भी शुरू कर दी है। हमें उम्मीद है कि इन उद्योगों में स्वचालन बढ़ने के साथ ही कंपनियां भविष्य में अधिक से अधिक महिलाओं की नियुक्ति करेंगी।'

- विनिर्माण क्षेत्र तेजी से स्वचालन को अपना रहा

अधिकारी ने कहा कि विनिर्माण क्षेत्र में कंपनियों को अधिक समावेशी बनने के दौरान कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, जैसे पुराने सामाजिक मानदंड तथा भेदभाव, नेतृत्व की कमी और खराब कार्य-जीवन संतुलन आदि। सुब्बुरत्नम ने कहा, '' भारत के विनिर्माण क्षेत्र में महिलाओं का प्रतिनिधित्व काफी कम है, जो कार्यबल का केवल 15-20 प्रतिशत है। हालांकि, उन क्षेत्रों में महिलाओं की भर्तियों में वृद्धि हुई है जो तेजी से स्वचालन प्रौद्योगिकियों को अपना रहे हैं।"



### चुनौतियों के बावजूद बढ़ रही कंपनियां लक्ष्य की ओर

सुब्बुरत्नम ने कहा कि इन चुनौतियों के बावजूद कई कंपनियां अधिक विविध और न्यायसंगत कार्य वातावरण बनाने के उद्देश्य से लक्षित पहल तथा नीतियों के जरिये अधिक समावेशन की दिशा में आगे बढ़ रही हैं।

# रीट्स ने हिंडनबर्ग के दावे को निराधार, भ्रामक बताया

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

इंडियन रीट्स एसोसिएशन ने सोमवार को कहा कि अमेरिकी शॉर्ट-सेलर हिंडनबर्ग रिसर्च का यह दावा निराधार और भ्रामक है कि सेबी का रीट्स (रियल एस्टेट इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट) ढांचा कुछ चुनिंदा लोगों के हितों को पूरा करता है। एसोसिएशन ने साथ ही कठोर नियामकीय वातावरण तैयार करने के लिए बाजार नियामक सेबी की तारीफ की, जिसमें व्यापक आवधिक रिपोर्टिंग आवश्यकताएं, अनिवार्य स्वतंत्र मूल्यांकन और सख्त संचालन मानक शामिल हैं। एसोसिएशन ने कहा कि इन उपायों को पारदर्शिता बढ़ाने और निवेशकों के हितों की रक्षा के लिए तैयार किया गया है। यह बयान शनिवार को हिंडनबर्ग की उस रिपोर्ट के बाद आया है, जिसमें आरोप लगाया गया था कि सेबी रीट्स विनियम 2014 में हाल ही में किए गए संशोधन एक विशिष्ट बहुराष्ट्रीय वित्तीय समूह को लाभ पहुंचाने के लिए किए गए थे।

- रीट्स ने बाजार नियामक सेबी की तारीफ की



# चांदी में 1,000 रुपए का उछाल, सोना हुआ 200 रुपए मजबूत

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

मजबूत वैश्विक रुख के बीच स्थानीय सराफा बाजार में सोमवार को सोने का भाव 200 रुपये की बढ़त के साथ 72,350 रुपये प्रति 10 ग्राम पर जा पहुंचा। अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार इससे पिछले कारोबारी सत्र में शनिवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना गिरावट दर्शाता 72,150 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 1,000 रुपये के उछाल के साथ 83,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर जा पहुंची। पिछले सत्र में चांदी 82,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। राष्ट्रीय राजधानी में पिछले कारोबारी सत्र में 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 200 रुपये मजबूत होकर 72,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर जा पहुंचा जो शनिवार को 71,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। व्यापारियों ने सोने की कीमतों में तेजी का श्रेय स्थानीय आभूषण विक्रेताओं की बढ़ी हुई मांग तथा अंतरराष्ट्रीय बाजारों में मजबूती के रुख को दिया। वैश्विक मोर्चे पर कॉमेक्स में सोना 2,481.80 डॉलर प्रति औंस पर बोला गया, जो पिछले दिन से 8.40 डॉलर प्रति औंस अधिक है। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक-जिंस सौमिल गांधी ने कहा, 'सोमवार को सोने की कीमतों में तेजी आई क्योंकि पश्चिम एशिया संकटों के बीच भू-राजनीतिक चिंताओं ने सोने की सुरक्षित-निवेश विकल्प के रूप में मांग को बढ़ावा दिया।'

- सोना बढ़कर 72,350 रुपए प्रति दस ग्राम पर



### अमेरिकी बांड में गिरावट से आई तेजी

मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज में जिंस शोध के वरिष्ठ विश्लेषक मानव मोदी के अनुसार, पिछले सत्र में तेज वृद्धि के बाद सोने की कीमतें स्थिर रहीं, अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल में गिरावट से बल मिला, क्योंकि निवेशकों को भरोसा था कि फेडरल रिजर्व इस साल सितंबर में ब्याज दरों को कम करेगा।

# आईपीओ लाने की तैयारी में कार्स24

**नई दिल्ली।** पुरानी कारों के खरीद-बिक्री मंच कार्स24 की आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने की तैयारी है। कंपनी के सह-संस्थापक गजेंद्र जांगिड़ ने सोमवार को कहा कि आईपीओ का मकसद घरेलू बाजार में वृद्धि अवसरों का लाभ उठाना है। गुरुग्राम मुख्यालय वाली इस कंपनी का कारोबार पहले ही एक अरब अमेरिकी डॉलर को पार कर चुका है। कंपनी को उम्मीद है कि भारत में अगले दस साल में पुरानी या सेकंड हैंड का बाजार 100 अरब अमेरिकी डॉलर के आंकड़े को पार कर जाएगा। जांगिड़ ने कहा कि आईपीओ कंपनी की यात्रा में एक मील का पत्थर है। उन्होंने बताया, 'हम इसके लिए आंतरिक रूप से तैयारी कर रहे हैं। मैं इस बारे में कोई रूपरेखा नहीं बना रहा हूं कि हम कब तक आईपीओ लाएंगे, लेकिन उस दिशा में प्रगति हो रही है।'

## बिजनेस साइट

### एमएमआई नारायणा अस्पताल में विश्व अंगदान दिवस पर जागरूकता अभियान




**रायपुर।** एमएमआई नारायणा अस्पताल ने विश्व अंगदान दिवस को उत्साहपूर्वक मनाया। जिसमें अस्पताल के कर्मचारियों, नर्सिंग छात्रों और समुदाय के सदस्यों सहित 50 से अधिक व्यक्तियों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य अंगदान के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाना और अधिक लोगों को अंगदान के लिए प्रेरित करना था।

इस विशेष दिन की गतिविधियां इस प्रकार आयोजित की गईं कि वे लोगों को शिक्षित और प्रेरित कर सकें। डॉ. सुनील धर्मानी के मार्गदर्शन में नर्सिंग स्टाफ और छात्रों ने प्रभावशाली पोस्टर बनाए, जो अंगदान के महत्व को उजागर करते हैं। इन दृश्य प्रस्तुतियों ने यह शक्तिशाली संदेश प्रस्तुत किया कि अंगदान से बड़ा कोई दान नहीं है। अंगदान दूसरों के जीवन में खुशी और मुस्कान ला सकता है। सिर्फ अंगदान करके आप हमेशा के लिए जीवित रह सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान अस्पताल के कर्मचारियों द्वारा नाटकों और शैक्षिक प्रस्तुतियों का आयोजन किया गया, जिसमें अंगदान की जीवनरक्षक संभावनाओं पर जोर दिया गया। एक प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें कर्मचारियों ने रचनात्मक तरीके से इस संदेश को प्रस्तुत किया कि हर व्यक्ति को जरूरतमंद की मदद के लिए अपने अंग दान करने पर विचार करना चाहिए।

**ब्रिटिश टेलीकॉम को खरीदने 4 अरब डॉलर की डील का ऐलान किया**

# टाटा-महिंद्रा जैसी दिग्गज कंपनियों की सूची में शामिल एयरटेल

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सुनील भारती मित्तल के नेतृत्व वाली भारती इंटरप्राइजेज ने एक और उपलब्धि अपने नाम कर ली है। भारती इंटरप्राइजेज ने बीटी ग्रुप में हिस्सेदारी खरीदने के लिए 4 अरब डॉलर की डील का ऐलान कर दिया है। इसके साथ ही वह ब्रिटिश कंपनियों को खरीदने वाले टाटा ग्रुप, महिंद्रा और टीवीएस जैसी दिग्गज कंपनियों की लिस्ट में शामिल हो गई है।

- यह ब्रिटिश कंपनी 180 देशों में काम करती है

बीटी ग्रुप पीएलसी को पहले ब्रिटिश टेलीकॉम के नाम से जाना जाता था। यह एक ब्रिटिश एमएनसी है। इसका हेडक्वार्टर लंदन में है। यह कंपनी लगभग 180 देशों में काम करती है। ब्रिटेन में यह फिक्स्ड लाइन, ब्रॉडबैंड और मोबाइल सर्विस प्रदान करने वाले सबसे बड़ी कंपनी है। यह सब्सक्रिप्शन टीवी और आईटी सर्विसेज भी उपलब्ध कराती है। भारती इंटरप्राइजेज ने कंपनी में 24.5 फीसदी हिस्सेदारी खरीदी है।




### टाटा टी ने खुद से बड़ी टेटली को खरीदा था

इससे पहले टाटा ग्रुप ने टेटली, टाटा स्टील ने कोरस और टाटा मोटर्स ने जगुआर लैंड रोवर को खरीदकर धूम मचा दी थी। टाटा टी ने फरवरी, 2000 में टेटली को खरीदा था। इस सौदे की पूरी दुनिया में चर्चा हुई थी। टाटा टी सौदे के समय टेटली से छोटी कंपनी थी। टेटली दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा टी ब्रांड था। इसे भारतीय कॉरपोरेट जगत के खूबसूरत इतिहास का हिस्सा माना जाता है। टाटा मोटर्स द्वारा फोर्ड से जेएलआर को खरीदना भी एक शानदार अवसर था। अब पहली बार जेएलआर की कारें भारत में भी बनाई जाएंगी।

### महिंद्रा ने बीएसए का किया था अधिग्रहण

इसके अलावा बीके गोयनका के नेतृत्व वाले वेलस्पन इंडिया ने जुलाई, 2006 में ब्रिटेन की सीएचटी होल्डिंग्स में 85 फीसदी हिस्सेदारी खरीद ली थी। इसके साथ ही गोयनका ग्रुप के पास क्रिस्टी जैसा प्रीमियम ब्रांड आ गया था। इसने ग्रुप के लिए यूरोप के दरवाजे भी खोल दिए थे।

### टीवीएस ने नॉर्टन का किया था अधिग्रहण

साल 2016 में महिंद्रा एंड महिंद्रा ने यूके के प्रीमियम टू व्हीलर ब्रांड बीएसए कंपनी को खरीदा था। अप्रैल, 2020 में टीवीएस ने भी नॉर्टन मोटरसाइकिल का अधिग्रहण कर लिया था।

## खबर संक्षेप



### नेपाल क्रिकेट टीम एनसीए में लेगी प्रशिक्षण

**काठमांडू।** नेपाल क्रिकेट टीम कनाडा में होने वाली 'क्रिकेट विश्व कप लीग 2 श्रृंखला' की तैयारियों के तहत बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में प्रशिक्षण लेगी। नेपाल की टीम त्रिकोणीय श्रृंखला खेलने के लिए कनाडा जाने से पहले दो सप्ताह के लिए एनसीए में अभ्यास करेगी। इस श्रृंखला में कनाडा और नेपाल के साथ ओमान की टीम भी भाग लेगी। नेपाल इस समय लीग 2 तालिका में छठे स्थान पर हैं।

### प्रज्ञानानंदा को मिला-जुला ड्रॉ

**सेंट लुई।** आर प्रज्ञानानंदा को सेंट लुई रेपिड एवं ब्लिट्ज टूर्नामेंट में मिला-जुला ड्रॉ मिला है और यह भारतीय ग्रैंडमास्टर यहां अपने अभियान की शुरुआत काले मोहरों से अमेरिका के लेवोन अरोनियन के खिलाफ करेगा। प्रज्ञानानंदा को मैक्सिम वाचियेर-लाग्रेव और अलीरेजा फिरोजा की फ्रांसीसी जोड़ी, ग्रैंड शतरंज टूर में शीर्ष पर चल रहे अमेरिका के फाबियानो कारुआना और उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसोत्तोरोव खिलाफ सफेद मोहरों से खेलना है जिससे उनके पास टूर पर अपनी वर्तमान तीसरी रैंकिंग से सुधार करने का अच्छा अवसर है।



### टेस्ट : न्यूजीलैंड टीम में पांच स्पिनर

**आकलैंड।** न्यूजीलैंड ने अगले महीने अफगानिस्तान के खिलाफ अगले महीने एक टेस्ट और श्रीलंका के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला के लिए टीम में पांच स्पिनरों को जगह दी है। अफगानिस्तान के खिलाफ एकमात्र टेस्ट भारत में ग्रेटर नोएडा में नौ से 13 सितंबर तक खेला जाएगा। वहीं श्रीलंका में दो टेस्ट 18 और 26 सितंबर से शुरू होंगे। टीम : टिम साउदी (कप्तान), टॉम ब्लंडेल, मिचेल ब्रासवेल , डेवोन कोंवे, मैट हेनरी, टॉम लाथम, डेरिल मिचेल, विल ओ रुरकी, ऐजाज पटेल, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रविंद्र, मिचेल सेंटनेर, बेन सीयर्स, केन विलियमसन, विल यंग।

### ओलंपिक : तीन पदक निशानेबाजी में और एक-एक कुश्ती, भाला फेंक और हॉकी में आए

# चौथे स्थान से 8 पदक चूके : मीराबाई, सेन-बबुता निराश

# भारत अपने लक्ष्य डबल डिजीट से रहा 4 पदक दूर, 6 जीते

एजेंसी ▶▶| पेरिस

पेरिस ओलंपिक 2024 खत्म हो चुका है। भारत ने इस ओलंपिक में छह पदक जीते हैं। तीन पदक निशानेबाजी में और एक-एक पदक कुश्ती, भाला फेंक और हॉकी में आए हैं। भारत का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2020 टोक्यो ओलंपिक में रहा, जब देश ने सात पदक जीते थे। पदकों की संख्या के मामले में इस साल के छह 2012 के साथ संयुक्त रूप से दूसरे नंबर पर है। हालांकि, 2012 में भारत ने दो रजत जीते थे। हालांकि, यह आंकड़ा आसानी से दोगुना हो सकता था। छह मौकों पर भारत ने कांस्य पदक जीतने के मौके गंवा दिए। यानी छह मौकों पर, भारतीय एथलीट अपनी स्पर्धाओं में चौथे स्थान पर रहे। हमारे पास अगर 12 पदक होते तो यह एक रिकॉर्ड होता। मनु भाकर ने निशानेबाजी में कांस्य पदक के साथ भारत का पहला पदक जीता। उन्होंने सरबजोत सिंह के साथ टीम स्पर्धा में एक और जीत हासिल की। हालांकि, उनके पास तीसरा पदक जीतने का मौका था, लेकिन वह चूक गईं। मनु पदक से चूकने वाली अकेली एथलीट नहीं थीं। दूसरे एथलीटों ने भी ऐसा किया। आप जानना चाहते होंगे कि पेरिस में कांस्य पदक से चूकने वाले बदकिस्मत एथलीट कौन थे? यह एक छोटी सूची नहीं है।

### मुक्केबाजी : लवलीना और निशांत रह गए एक कदम दूर

मुक्केबाजी में टोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन और निशांत देव क्वार्टर फाइनल में हार गए और कांस्य पदक जीतने से एक कदम दूर रह गए। दोनों सेमीफाइनल में पहुंचते तो कांस्य पदक पक्का कर लेते। हालांकि, ऐसा नहीं हो सका। महिलाओं की 75 किलो वर्ग में चीन की नंबर एक ली कियेन ने लवलीना को तीनों राउंड में शिकस्त दी। कियेन ने लवलीना को 4-1 से हरा दिया। निशांत देव पुरुषों की 71 किग्रा मुक्केबाजी क्वार्टर फाइनल में मार्को अलोंसो वर्डे अल्वारेज (मेक्सिको) से 4-1 से हार गए।



### वेटलिफ्टिंग : मीराबाई ने सिर्फ एक किलो से गंवाया कांस्य

टोक्यो ओलंपिक में रजत पदक जीतने वाली भारोत्तोलक मीराबाई चानू पेरिस ओलंपिक के 49 किलोग्राम वर्ग में चौथे स्थान पर रहते हुए पदक से चूक गईं। मीराबाई ने स्नैच में 88 और क्लीन एवं जर्क में 111 से कुल 199 किग्रा का वजन उठाया। इससे वह महज एक किलोग्राम से पदक से चूक गईं।

### तीरंदाजी : धीरज-अंकिता हारे

भारत के सामने कांस्य जीतकर इतिहास रचने का मौका था, लेकिन धीरज और अंकिता की जोड़ी 2-6 से यह मुकाबला हार गई और पदक से चूक गई। भारत ने पहला सेट 37-38 के अंतर से गंवाया। अमेरिका ने दूसरा सेट 37-35 से जीत कर स्कोर 4-0 कर दिया। भारतीय जोड़ी ने तीसरे सेट में वापसी की कोशिश की। धीरज और अंकिता की जोड़ी ने तीसरे सेट में कुल 38 का स्कोर किया, जबकि अमेरिका की जोड़ी 33 का ही स्कोर कर सकी। भारतीय जोड़ी ने चौथे सेट में कुल 35 का स्कोर किया। अमेरिका जोड़ी ने चौथे सेट में 37 अंक बनाए और सेट तथा मैच अपने नाम किया।



### बैडमिंटन : लक्ष्य जीत की दहलीज पर हारे

कांस्य पदक के मैच में लक्ष्य सेन को हार का सामना करना पड़ा। पहला गेम भारतीय शटलर ने 21-13 से अपने नाम किया था। इसके बाद दूसरे गेम में एक वक्त लक्ष्य ने 8-2 की बढ़त बना ली थी। हालांकि, इसके बाद मलेशियाई खिलाड़ी ने जबरदस्त वापसी की और 11-8 से बढ़त बनाने के बाद दूसरे गेम को 21-16 से अपने नाम किया। इसके बाद तो तीसरे और निर्णायक गेम में ली जिया पूरी तरह हावी रहे और 21-11 से अपने नाम किया। साथ ही मैच के साथ-साथ कांस्य पदक भी अपने नाम किया।

### दावेदार जो नहीं जीत पाए पदक

- **बैडमिंटन :** सात्विक साईराज रैंकीरेड्डी-चिराग शेट्टी-युगल के क्वार्टर फाइनल में हारे, पीवी सिंधू-प्री क्वार्टर फाइनल में हारीं
- **बॉक्सिंग :** निकहत जरीन-50 किलो भार वर्ग के प्री क्वार्टर फाइनल में चीन की वू यू से 0-5 से हारीं , लवलीना बोरगोहेन-75 किलो भार वर्ग के क्वार्टर फाइनल में चीन की ली कियान से 1-4 से हारीं
- अमित पंघाल- 51 किलो भार वर्ग के प्री क्वार्टर फाइनल में जांबिया के चिनयेंबा से 1-4 से हारे
- **तीरंदाजी :** भारतीय पुरुष और महिला तीरंदाजी टीम क्वार्टर फाइनल में हारी
- **निशानेबाजी :** सिफ्ट कौर सामरा 50 मीटर थ्री पोजीशन में 31वें स्थान पर रहीं
- **कुश्ती :** अंतिम पंघाल पहली बाउट ही 0-10 से हारीं, अंशु मलिक पहली बाउट 2-7 से हारीं

### निशानेबाजी

#### महेश्वरी-अनंतजीत एक अंक से हारे

भारतीय निशानेबाज महेश्वरी चौहान और अनंतजीत सिंह नरुका पेरिस ओलंपिक स्कीट मिश्रित टीम स्पर्धा के कांस्य पदक के मुकाबले में चीन की यितिंग जियांग और लियू जियानलिन की जोड़ी से एक अंक से हार का सामना करना पड़ा। भारतीय जोड़ी को 48 निशाने के फाइनल मैच में 44-43 से शिकस्त मिली।

#### अर्जुन का निशाना चूका



भारत के स्टार शूटर अर्जुन बबुता पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल में पदक से चूक गए। वह 15वें शॉट तक शीर्ष तीन में चल रहे थे। कभी वह दूसरे स्थान पर आए तो कभी तीसरे स्थान पर, लेकिन पदक नहीं जीत सके। एक वक्त तो वह पहले स्थान पर रहे। क्रोएशिया के मारिचिच मिरान ने 230 के स्कोर के साथ कांस्य पदक जीता। वहीं, अर्जुन का फाइनल स्कोर 208.4 रहा।

#### मनु शूटऑफ में हारीं



भारत की स्टार निशानेबाज मनु भाकर पदक से चूक गईं। वह महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में चौथे स्थान पर रहीं। इस स्पर्धा में कुल 10 सीरीज के शॉट्स लगाए जाने थे। एक सीरीज में कुल पांच शॉट्स थे। तीन सीरीज के बाद एलिमिनेशन का दौर शुरू हुआ था। आठवीं सीरीज में उनके और चौथे स्थान पर मौजूद हंगरी की वेरोनिका मेजर के बीच लड़ाई थी। अंक बराबर होने के बाद शूट ऑफ में मनु पांच में से तीन निशाना ही लगा सकीं, जबकि मेजर ने चार सटीक निशाने लाए। इस तरह मनु पदक से चूक गईं। वेरोनिका ने कांस्य पर कब्जा जमाया।

# पेरिस ओलंपिक : 186 देशों पर भारी एक खिलाड़ी सिर्फ 18 देश जीत पाए एक स्वीमर से ज्यादा गोल्ड

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ओलंपिक गेम्स में हमेशा कमाल के प्रदर्शन देखने को मिलते हैं। कभी खेल में तो कभी आंकड़ों में। पेरिस ओलंपिक 2024 में भी ऐसा हुआ। पेरिस ओलंपिक में एक खिलाड़ी ने इतना बेहतरीन प्रदर्शन किया कि अगर उसे देशों के मेडल टैली में रखा जाए तो उसका नंबर 186 देशों से ऊपर आता। यह खिलाड़ी कोई और नहीं फ्रांस के ही स्वीमर लियॉन मर्चेंड हैं।

22 साल के लियॉन मर्चेंड ने पेरिस ओलंपिक में 4 गोल्ड समेत पांच मेडल जीते। अपना दूसरा ओलंपिक खेल रहे लियॉन मर्चेंड ने 4 गोल्ड मेडल इंडिविजुअल इवेंट में जीते। उन्होंने ये 4 मेडल 400 मीटर मेडले, 200 मीटर मेडले, 200 मीटर बटरफ्लाई, 200 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक में जीते। लियॉन ने इनके अलावा 4×100 मेडले में सिल्वर



मेडल जीता। पेरिस ओलंपिक की मेडल टैली देखें तो सिर्फ 18 देश ही ऐसे हैं, जिन्होंने 4 गोल्ड और एक सिल्वर से ज्यादा मेडल जीते हैं। पेरिस ओलंपिक में कुल 204 देशों ने हिस्सा लिया, जिनमें से 91 ने मेडल जीते।

#### मर्चेंड से ज्यादा गोल्ड जीतने वाले 18 देश

*पेरिस ओलंपिक में लियॉन मर्चेंड से ज्यादा गोल्ड सिर्फ 18 देश जीत पाए. ये देश हैं अमेरिका, चीन, जापान, ऑस्ट्रेलिया, फ्रांस, नीदरलैंड, ब्रिटेन, दक्षिण कोरिया, इटली और जर्मनी शामिल हैं। इनके अलावा न्यूजीलैंड, कनाडा, उज्बेकिस्तान, हंगरी, स्पेन, स्वीडन, केन्या, नॉर्वे और आयरलैंड ने भी 4 या इससे अधिक गोल्ड जीते हैं। आयरलैंड ने 4 गोल्ड और 3 ब्रॉन्ज समेत कुल 7 मेडल जीते और टैली में 19वें नंबर पर रहा।*

### ओडिशा नवल टाटा बनी चैंपियन...



**नई दिल्ली।** ओडिशा नवल टाटा हॉकी हाई-परफॉर्मेंस केंद्र ने 'हॉकी इंडिया जूनियर पुरुष और महिला अकादमी चैम्पियनशिप जोन ए और बी' के फाइनल में सोमवार को यहां पेनल्टी शूटआउट में राउंडग्लास पंजाब हॉकी क्लब अकादमी को 5-3 से हराकर महिला वर्ग का खिताब अपने नाम किया।टीम के लिए प्रभजोत कौर (34 वां मिनट) और सुरेखा बहाला (54 वां मिनट) ने गोल किए जबकि राउंडग्लास पंजाब के लिए रूबी (14 वां मिनट) और रिबका (45 वां मिनट) ने एक-एक गोल किया।

### क्रिकेट

# दक्षिण अफ्रीका-वेस्टइंडीज के बीच वर्षाबाधित पहला टेस्ट ड्रॉ



एजेंसी ▶▶| पोर्ट आफ स्पेन

दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज के बीच वर्षाबाधित पहला टेस्ट ड्रॉ पर खत्म हुआ। दक्षिण अफ्रीका ने वेस्टइंडीज को पांचवें और आखिरी दिन 298 रन का लक्ष्य दिया था। मेजबान टीम के लिए एलिक अथानाजे ने 92 रन बनाए। वेस्टइंडीज ने दूसरी पारी में पांच विकेट पर 201 रन बनाए।

इससे पहले दक्षिण अफ्रीका ने बिना किसी नुकसान के 30 रन से आगे खेलना शुरू किया था तब उसके पास 154 रन की बढ़त थी। उसने तीन विकेट पर 173 के स्कोर पर पारी घोषित की। ट्रिस्टन स्टब्स ने 68 रन बनाए और वह पारी की घोषणा से पहले केमार रोच की आखिरी गेंद पर बोल्ड हुए। बारिश के कारण खेल रोज बाधित हुआ और पहले दिन सिर्फ 15 ओवर फेंके जा सके थे। रविवार को भी लंच पांच मिनट पहले लेना पड़ा। दोपहर के सत्र की शुरुआत में भी विलंब हुआ। जब दस ओवर के करीब बाकी थे तब वेस्टइंडीज का स्कोर पांच विकेट पर 192 रन था। मेजबान टीम अगले तीन ओवर में तीन रन ही बना सकी। जैसन होल्डर (नाबाद 31) ने छक्का लगाया जिससे स्कोर पांच विकेट पर 201 रन तक पहुंच गया। इसके बाद कोई नतीजा नहीं निकलते देख ड्रॉ पर सहमति बन गई। दक्षिण अफ्रीका ने पहली पारी में 357 और वेस्टइंडीज ने 233 रन बनाए थे।

### दलीप ट्रॉफी पहले दौर का मैच बेंगलुरु में



**बेंगलुरु।** तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और सीनियर स्पिनर रविचंद्रन अश्विन को छोड़कर भारत के कुछ नियमित स्टार दलीप ट्रॉफी के पहले दौर में खेलेंगे जिसे बीसीसीआई ने अनंतपुर की जगह बेंगलुरु में कराने का फैसला किया है। सीनियर बल्लेबाज विराट कोहली और रोहित शर्मा को छूट दी जा सकती है। टूर्नामेंट में भाग लेने का फैसला पूरी तरह से उन पर छोड़ा जाएगा। दलीप ट्रॉफी के पहले दौर के दो सेट के मैच आंध्रप्रदेश के अनंतपुर में पांच सितंबर से होने थे लेकिन अब उनमें से एक को एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में कराया जाएगा ताकि लॉजिस्टिक की समस्या नहीं आए।

### डेब्यूटेंट एटकिंसन और चमारी बने प्लेयर ऑफ द मंथ

**नई दिल्ली।** इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने 12 अगस्त को आईसीसी मेंस और वूमेंस प्लेयर ऑफ द मंथ के विजेताओं का एलान किया। जुलाई महीने के लिए मेंस प्लेयर ऑफ द मंथ का अवॉर्ड इंग्लैंड के गस एटकिंसन को मिला। मेंस प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड के लिए आईसीसी ने वॉशिंगटन सुंदर, चार्ली कैसल और गस एटकिंसन को नॉमिनेट किया था, जिसमें से इंग्लिश खिलाड़ी ने बाजी मारते हुए ये अवॉर्ड अपने नाम किया। वहीं, महिला प्लेयर ऑफ द मंथ का अवॉर्ड श्रीलंका की कप्तान चमारी अट्टापट्टू के नाम रहा। इंग्लैंड के गेंदबाज गस एटकिंसन ने वेस्टइंडीज के खिलाफ खेली गई टेस्ट सीरीज में शानदार प्रदर्शन किया।

### अनिसिमोवा और पेगुला में चैंपियन बनने की जंग

**टोरंटो।** अमेरिका की अमांडा अनिसिमोवा ने तीन सेट तक चले कड़े मुकाबले में हवतन आठवीं वरीयता प्राप्त एम्मा नवारो को पराजित करके नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई जहां उनका सामना एक और अमेरिकी खिलाड़ी जेसिका पेगुला से होगा। विश्व रैंकिंग में 132वें नंबर की खिलाड़ी अनिसिमोवा ने नवारो को 6-3, 2-6, 6-2 से हराया। मौजूदा चैंपियन और तीसरी वरीयता प्राप्त पेगुला ने एक अन्य सेमीफाइनल में रूस की 14वीं वरीयता प्राप्त डायना श्नाइडर को 6-4, 6-3 से हराया। अनिसिमोवा ने पिछले साल टेनिस से मानसिक स्वास्थ्य ब्रेक लिया था।

डॉ.वाधवानी दर-दाँत (गम पेंट)
बायो-डेंट गम पेंट, मुंह के छाले, दांत दर्द और जलन में लाभकारी यह आर्युवेदिक दवा है, यह हर्बल दवा 100 प्रतिशत सुरक्षित है
HMS देखकर खरीदें 94060-21769
असली केंदवा® मलहम
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये।
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर 36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311 Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411 www.makeoverraipur.com त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

मोतियाबिंद आयुष्मान कार्ड सुविधा SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551 समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ष पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कोपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

अष्टविनायक हॉस्पिटल बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

वात, स्पाइन एवं पाइल्स केयर
मेडिक्लेम सुविधा उपलब्ध राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक वेलनेस सेंटर मो. 9039050422
मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्पलेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029 समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508130




# बार-बार बोलते हैं सॉरी, क्या है इसकी वजह?

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

हम अक्सर लोगों को देखते हैं कि वो बात-बात पर सॉरी बोलते हैं। किसी को टक्कर भी लग जाए तो सॉरी, छींक या खांसी आ जाए तो सॉरी, यहां तक कि गलती से कुछ गिर जाए तो भी सॉरी। क्या आप इस शब्द का सही मतलब जानते हैं या फिर यूं ही कहीं भी सॉरी बोलते रहते हैं?सॉरी बोलना हमारी ऐसी आदत बन चुकी है कि हम कई बार ज़रूरत न भी ह, तो सॉरी बोल देते हैं। मनोवैज्ञानिक तौर पर जब कोई बिना कुछ गलत किए सॉरी बोलता है तो वह आसानी से दूसरों का भरोसा और विश्वास हासिल कर लेता है पर ज्यादा सॉरी बोलना आपकी मानसिक कमजोरी की निशानी भी मान ली जाती है। शायद ज्यादा सॉरी बोलनी की वजह ये है कि लोग इसका अर्थ मानते हैं - 'मुझे माफ कर दीजिए'। हालांकि, ऐसा है बिल्कुल नहीं। इतना ही नहीं, कुछ लोग तो सॉरी को शॉर्ट फॉर्म मानते हैं और इसका फुल फॉर्म भी बताते हैं। आइए जानते हैं कि सॉरी दरअसल आया कहां से।

**सॉरी का सही अर्थ होता है** - दुखी महसूस करना, खेद व्यक्त करना या फिर अपनी गलती पर दुखी होना। सॉरी बोलने के बाद आपके गलती दोहराने की गुंजाइश बेहद कम हो जानी चाहिए। 'सॉरी' शब्द अंग्रेजी के 'सरिग' या 'सॉरो' शब्द से बना है, जिसका मतलब होता है 'गुस्सा या परेशान' होना। हालांकि ज्यादातर लोग सॉरी शब्द का इस्तेमाल इन बातों के लिए नहीं करते हैं। अब ये लोगों की आदत बन चुकी है।

# कहां निकलेगी धूप कहां होगी बारिश यह बताने वाले आईएमडी का फुल फॉर्म क्या?

**नई दिल्ली।** हम अपनी ज़िंदगी में रोज़ाना बहुत से ऐसे शब्द बोलते हैं, जो हमारी ज़ुबान पर तो होते हैं, लेकिन इनका सही मतलब हम नहीं जानते। हम इन्हें यूं ही सुनते हैं और यूं ही बोते चले जाते हैं। अगर इसके बारे में पूरी जानकारी मांगी जाए, तो हमें पता ही नहीं होती. ये सामान्य ज्ञान से जुड़ी जानकारी होती है। लेकिन, हमारे दिमाग में आसानी से नहीं आती। अगर, कोई हमसे पूछे कि इस बार कितनी गर्मी, सर्दी या बारिश होगी, तो हम एक ही संस्था का नाम लेते हैं – आईएमडी। हमें हर दिन मौसम से जुड़ी हुई जानकारी देने का काम आईएमडी करती है। हालांकि, हममें से बहुत लोगों को इसका फुल फॉर्म भी नहीं पता होगा कि आखिर आईएमडी को कहते क्या हैं? चलिए आज इसकी के बारे में बताते हैं।

### क्या होता है आईएमडी?

आपने कई बार सुना और पढ़ा होगा कि इस बार मौसम को लेकर आईएमडी ने सटीक अनुमान लगाया या फिर उन्होंने इस बार गलत अंदाजा लगाया है। मौसम के बारे में हमें जानकारी देने वाली संस्था का नाम आईएमडी है। आईएमडी का फुल फॉर्म है भारतीय मौसम विज्ञान विभाग। यह भारत सरकार के पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के तहत काम करने वाली एक एजेंसी है। आईएमडी का मुख्य काम मौसम का अध्ययन और भविष्यवाणी करना है।













हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com